228

MINUTES OF MEETING

FROM:- 22-11-1999.

original in file No. F2(13)/99-PrC/Pt.p.

- 2 -

Annual Administration Report of the DDA is sent to the Government of India under Section 26 of the DD Act. Government lays this Report on the table of the Parliament during every Winter Session. Report for the year 1998-99 has been prepared and shall be sent to the Government after approval by the Authority. Draft of the Report is at 'Flag-A'. Agenda item for consideration of the Authority is at 'Flag-B'.

Cover of the Report has been finalised by the Principal Commissioner after call of designs by us from the empanelled agencies and is at 'Flag-C'. Printing layout etc., has also been finalised by the Principal Commissioner after seeing various proposals. The Report shall be printed after finalisation of the photographs and diagrams in consultation with the Principal Commissioner and the printers. Annual Administration Report is proposed to be sent to the Ministry by 1st December. Approval to the Report may kindly be accorded by the Authority through circulation.

[V.M. BANSAL]
COMMR.-CUM-SECY
12-11-99

Principal Commissioner

Engineer Member

Finance Member

Vice-Chairman

Chief Planner (TCPO)

Commissioner, MCD

Chairman-Cum-Managing Director, HUDCO

Joint Secretary, MOUD

Shri Mahabal Mishra, MLA

Kanwar Karan Singh, MLA

Puran Chand Yogi, MLA

Km. Devagya Bhargava, Councillor

Shri Prithvi Raj Chand, Councillor.

Lt. Governor, Delhi.

दिल्ली विकास प्राधिकरण

Item No. 62/99

A-22.11.99

Annual Administration Report of D.D.A. for the year 1998-99.

File No.F2(13)99/P&C/DDA

P R E C I S

Delhi Development Authority is required to submit a report on its activities to the Central Government under Section 26 of the Delhi Development Act, 1957, after the close of the each financial year.

On the basis of the information received from all the heads of the departments, a draft Annual Administration Report on the activities of the DDA, for the financial year 1998-99 has been prepared and is placed before the Authority for approval. (Appendix 'A' pages 2 to 55 - Booklet). Layout and form of presentation will include bar charts, pi diagrams and graphs which shall be added at suitable places to highlight improvement aspects/achievements etc.

R E S O L U T I O N

Resolved that the Annual Administration Report for the year 1998-99 of the DDA be approved and sent to the Ministry of Urban Development.

******

सचिव
दिल्ली विकास प्राधिकरण
नई दिल्ली
9/2/2000

उपाध्यक्ष
दिल्ली विकास प्राधिकरण
नई दिल्ली

Item No. 62/99

A-22.11.99

Annual Administration Report of D.D.A. for the year 1998-99.

File No.F2(13)99/P&C/DDA

P R E C I S

Delhi Development Authority is required to submit a report on its activities to the Central Government under Section 26 of the Delhi Development Act, 1957, after the close of the each financial year.

On the basis of the information received from all the heads of the departments, a draft Annual Administration Report on the activities of the DDA, for the financial year 1998-99 has been prepared and is placed before the Authority for approval. (Appendix 'A' pages 2 to 55 - Booklet). Layout and form of presentation will include bar charts, pi diagrams and graphs which shall be added at suitable places to highlight improvement aspects/achievements etc.

R E S O L U T I O N

Resolved that the Annual Administration Report for the year 1998-99 of the DDA be approved and sent to the Ministry of Urban Development.

******

सचिव
दिल्ली विकास प्राधिकरण
नई दिल्ली
9/2/2000

उपाध्यक्ष
दिल्ली विकास प्राधिकरण
नई दिल्ली

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट
1998-99



बेहतर कल
के लिए
व्यापक दृष्टिकोण

दिल्ली विकास प्राधिकरण

शहरी विकास मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA



एक पुरस्कृत व्यक्ति को दि.वि.प्रा. शहरी विरासत पुरस्कार दिया जा रहा है।

श्री विजय कपूर, उपराज्यपाल, विकास सदन स्थित स्टाम्प समाहर्ता के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए।



वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 1998 - 99

	पृष्ठ सं.
[illegible]	1
दिल्ली विकास प्राधिकरण की मुख्य उपलब्धियाँ	3
[illegible]	5
[illegible]	10
[illegible]	12
[illegible]	15
[illegible]	17
[illegible]	29
[illegible]	35
[illegible]	38
[illegible]	43
[illegible]	45
[illegible]	51
[illegible]	55

दिल्ली विकास प्राधिकरण
शहरी विकास मंत्रालय
भारत सरकार

...MENT AUTHORITY
MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA



विषय – सूची

अध्याय		पृष्ठ सं.
1.	दिल्ली विकास प्राधिकरण – एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य	1
2.	दिल्ली विकास प्राधिकरण की मुख्य उपलब्धियाँ	3
3.	प्राधिकरण का प्रबंध तंत्र	5
4.	सतर्कता विभाग	10
5.	विधि विभाग	12
6.	प्रणाली एवं प्रशिक्षण	15
7.	इंजीनियरिंग एवं निर्माण कार्यकलाप	17
8.	वास्तुकला एवं योजना	29
9.	आवास	35
10.	भूमि प्रबंध एवं निपटान विभाग	38
11.	कार्मिक विभाग	43
12.	खेल–कूद	45
13.	कोटि नियंत्रण कक्ष	53
14.	वित्त एवं लेखा	55

URBAN DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

I. दिल्ली विकास प्राधिकरण – एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

1.1 समस्त महानगरों की भांति दिल्ली की नींव भी यहां रहने वाले नागरिकों और आने वाले यात्रियों के स्वप्नों, आकाक्षांओं एवं कल्पना से निरन्तर सुदृढ़ होती रही हैं। कोई भी नगर अपने भव्य भवनों, प्रशस्त प्रासादों एवं स्मारकों का सम्बल लेकर समय को चुनौती नहीं दे पाया हैं। वास्तविकता तो यह है कि एक नगर का जीवन उसकी इमारतों, सड़कों एवं उद्यानों में नहीं बसता है, बल्कि वह उसके नागरिकों से प्राणवन्त होता है, जो वहां के वासी हैं, जिनका वह नगर भरण–पोषण करता है और आश्रय प्रदान करता है। आगतों एवं विस्थापितों, जड़ एवं चेतना तथा देशी–विदेशी आदान–प्रदान से एक नगर को समय के गलियारों से गुजरने की शक्ति एवं गति मिलती है।

1.2 दिल्ली ने यह सब ईसा से हज़ार वर्ष पूर्व महाभारत काल से घटित होते देखा है। पांडवों ने यहां इन्द्रप्रस्थ के रूप में अपनी नूतन राजधानी का निर्माण कर इस महानगर के बीज़ बोए थे, जो समय के साथ विभिन्न दृष्टाओं का योगदान पाकर विकसित हो गया था। आज दिल्ली भव्य, विशाल, चमत्कारी कहलाती है।

1.3 तोमरों के लालकोट, अलाउद्दीन खिलजी के सिरी, गयासुद्दीन तुगलक के तुगलकाबाद, मोहम्मद बिन तुगलक के जहांपनाह, फिरोज़शाह से लेकर लूटियन की दिल्ली तक का काल दिल्ली के लिए विभिन्न संस्कृतियों एवं संस्कारों को आत्मसात करने का समय रहा है, जिससे इसकी विशिष्ट पहचान में वृद्धि हुई है।

1.4 नई सहस्त्राब्दि में प्रवेश करते समय यदि विगत पर दृष्टिपात करें तो दिल्ली 1911 में पुनः प्रशासन का केन्द्र बनी दिखाई देती है, जब राष्ट्र की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली लाई गई थी। यद्यपि प्रारम्भ में इसे उत्तरी रिज के उत्तर में स्थापित करने का विचार था किन्तु यह रायसीना पहाड़ियों के निकट स्थापित की गई। 1912 में एडवर्ड लुटियन एवं फ्लेबर्ट बेकर ने भारत की राजधानी की ऐसी योजना बनाई कि आज भी उसे लुटियन की दिल्ली कहा जाता है। उनके द्वारा घोड़े की नाल की तरह नियोजित व्यापारिक केन्द्र आज कनाट प्लेस की महिमा से मंडित है।

1.5 रिकार्ड रखने के लिए दिल्ली समाहर्तालय में लगभग दस–बारह कर्मचारियों का एक "नजूल" कार्यालय स्थापित किया गया। इसे संयुक्त प्रदेश शहरी सुधार अधिनियम–1911 के अंतर्गत बढ़ाकर एक सुधार न्यास का रूप दिया गया। 1937 में इस न्यास में 50 कर्मचारी कार्यरत थे, जो भवन कार्यकलाप एवं भूमि उपयोग का विनियमन करते थे।

1.6 1947 तक दिल्ली की जनसंख्या 7 लाख थी तथा बस्तियाँ भी व्यवस्थित थीं। देश के बंटवारे ने दिल्ली में शरणार्थियों की भीड़ लगा दी। उसकी जनसंख्या विशाल हो गई। सन् 1951 में दिल्ली में 17 लाख भारतीय रहते थे। अर्थात् मात्र चार वर्षों में दिल्ली की जनसंख्या 24 प्रतिशत बढ़ गई। इसके परिणाम स्वरूप दिल्ली में बस्तियाँ ही बस्तियाँ हो गई तथा शहर के स्मारक एवं उद्यान अस्थायी शिविर बन



"विलियम डेनियल के पश्चात् की गई नक्काशी" (एच. कोन्टर एवं डब्ल्यू. डेनियल, द ओरियन्टल एन्युअल, 1834)

MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

डी.डी.ए. दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 के अंतर्गत 30 दिसम्बर, 1957 को अस्तित्व में आया।

गए। इस अव्यवस्थित स्थिति ने रिहाइशी जगह की भारी किल्लत पैदा कर दी, जिसके परिणाम स्वरूप कालोनियों का अव्यवस्थित निर्माण होने लगा, आवासों का अभाव होने लगा तथा गंदी बस्तियां (स्लम) पनपने लगीं।

1.7 दिल्ली की योजना बनाने और तीव्र गति से अव्यवस्थित विकास को रोकने के लिए, केन्द्रीय सरकार ने 1950 में श्री जी.डी. बिरला की अध्यक्षता में एक समिति गठित की।

1.8 इस समिति ने दिल्ली के सभी शहरी क्षेत्रों के लिए एकल योजना एवं नियंत्रण प्राधिकरण बनाने की सिफारिश की। इसके परिणामस्वरूप; दिल्ली (भवन निर्माण–कार्य नियंत्रण) अध्यादेश 1955 (जो दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 द्वारा बदला गया) लागू करके दिल्ली विकास (अनंतिम) प्राधिकरण गठित किया गया। इसका मूल उद्देश्य, दिल्ली का एक योजना के अनुसार विकास सुनिश्चित करना था। दिनांक 30 दिसम्बर, 1957 को दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अपना वर्तमान नाम प्राप्त किया।

इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत, दिल्ली का प्रशासक डी.डी.ए. का अध्यक्ष होता है और मुख्य कार्यपालक इसका उपाध्यक्ष होता है।

1.9 इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दिल्ली के प्रशासक प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं और मुख्य कार्यपालक अर्थात् उपाध्यक्ष एवं वित्त विभाग और इंजीनियरी विभागों के प्रमुख इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं। बजट बनाने एवं लेखाकरण के उद्देश्य से प्राधिकरण के खाते वित्त विभाग के चार वर्गों में रखें जाते हैं, अर्थात नजूल–1, नजूल–2, नजूल–3 एवं सामान्य विकास। इंजीनियरी पक्ष में डिजाइन, निर्माण, आधारिक विकास एवं संबंधित मामलों का सम्पूर्ण कार्य अभियंता सदस्य द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

1.10 सन् 1989 में कार्मिक विभाग, भारत सरकार द्वारा उपाध्यक्ष के पद को भारत सरकार के अपर सचिव के पद के अनुरूप बढ़ाने के परिणामस्वरूप, कार्मिक विभाग, भारत सरकार द्वारा भारत के संयुक्त सचिव के पद के स्तर पर सन् 1991 में आदेश सं. के–11011/12/91–डीडी। ए(पार्ट) द्वारा प्रधान आयुक्त के एक पृथक पद का सृजन किया गया था।

भारत सरकार की बड़े पैमाने पर भूमि के अधिग्रहण की नीति के अंतर्गत 62707.08 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की गई है और दिल्ली विकास अधिनियम 1957 की धारा 22(1) के अंतर्गत 59542.78 एकड़ भूमि डी.डी.ए. के निपटान पर रखी गई है।

1.11 प्रधान आयुक्त के समग्र कार्यभार के अंतर्गत भूमि प्रबंध, प्रणाली एवं प्रशिक्षण, आवास, भूमि निपटान, कार्मिक, समन्वय विभाग, सचिव, दि.वि.प्रा. से संबधित कार्य सौपे गये हैं। इसके अतिरिक्त, वे सार्वजनिक सुनवाई एवं जन शिकायत निवारण प्रणाली के प्रमुख कार्य प्रभारी भी हैं।

1.12 1961 में, भारत सरकार ने भूमि के व्यापक पैमाने पर अधिग्रहण, विकास एवं निपटान के लिए दिशा–निर्देश सिद्धांत निर्धारित करते हुए दिल्ली की शहरी भूमि नीति तैयार की। इस योजना के अंतर्गत, दिल्ली प्रशासन द्वारा अधिग्रहण हेतु भूमि को अधिसूचित किया गया और 31.3.99 तक 62707.08 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की गई, जिसमें से 59542.78 एकड़ भूमि दिल्ली की बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकास के उद्देश्य से, दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 22 (1) के अंतर्गत दि.वि.प्रा. को निपटान हेतु सौपी गई।

2. दिल्ली विकास प्राधिकरण की मुख्य उपलब्धियां

2.1 दि. वि. प्रा. ने दिल्ली के योजनाबद्ध विकास के लिए 1962 में एक मुख्य योजना बनाई थी, जिसमें व्यापक संशोधन किया गया और वर्ष 1990 में 2001 के परिप्रेक्ष्य वाली एक व्यापक मुख्य योजना लागू की गई। इस योजना की समीक्षा की जा रही है और नई योजना को तैयार करने में जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गोष्ठियां आयोजित की गई तथा मुख्य योजना–2021 तैयार करने के लिए इन गोष्ठियों में प्राप्त निष्कर्ष उपयोग में लाए जा रहे हैं।

वर्ष 1998-99, 1997-98 के दौरान किये गये 2992 आबंटनों की तुलना में 11033 आबंटन किये गये। पिछले वर्ष 462.51 करोड़ रू. राजस्व से प्राप्ति की तुलना में 526.47 करोड़ रू. प्राप्त हुए।

2.2 31 मार्च, 1999 तक कुल 2,93,626 फ्लैट आबंटित किए गए (इनमें वे फ्लैट भी शामिल हैं, जो रद्द किए जाने एवं वापस किए जाने के बाद पुनः आबंटित किए गए हैं)। कुल 23 आवास योजनाएं प्रारम्भ की गई थी, जिनमें से केवल तीन योजनाएं ही 31 मार्च, 1999 तक चालू थी। 1998–99 में कुल 11033 आबंटन किए गए, जबकि वर्ष 1997–98 के दौरान 2992 आबंटन किए गए थे। आवास से कुल प्राप्ति पिछले वर्ष के 462.51 करोड़ रू. की तुलना में इस वर्ष 526.47 करोड़ रू. थी। नई पद्धति आवास योजना, 1979, अम्बेडकर आवास योजना, 1989 और जनता आवास पंजीकरण योजना, 1996 के बकाया पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या 31.3.99 को 47667 थी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण की एमनेस्टी स्कीम के अंतर्गत 31.3.99 तक 16005 आबंटितियों ने राहत पाने के लिए आवेदन किया।

2.3 एम्नेस्टी स्कीम 1998, अगस्त 1999 तक बढ़ाई गई, जिस में जनता ने काफी रूचि ली है और 31.3.99 तक कुल 16005 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इस योजना के अंतर्गत जुर्माने की राशि में अधिकतम राहत 75 प्रतिशत तक दी गई।

2.4 जनता की आवास विभाग से संबधित शिकायतों को दूर करने के लिए 28.1.99 और 11.2.99 को दो लोक शिविर आयोजित किए गए। कुल 576 आबंटिती अपनी शिकायतें लेकर आए और इनमें से 238 मामले स्थल पर ही निपटाए गए।

दिनांक 28.01.99 और 11.2.99 को दो लोक शिविरों का आयोजन किया गया।

2.5 दि.वि.प्रा. ने आवासीय, व्यावसायिक, सांस्थानिक, औद्योगिक एवं मनोरंजनात्मक उद्देश्य के लिए अब तक 59,542.78 एकड़ भूमि का विकास किया है। 31 मार्च 1999 तक दि.वि.प्रा. ने कुल 420 सुविधा बाजारों, 116 स्थानीय बाजारों, 24 समाज सदनों और 6 जिला केन्द्रों का निर्माण पूरा किया है। वर्ष के दौरान 7 सुविधा बाजारों, 7 स्थानीय बाजारों, 6 समाज सदनों और 7 जिला केन्द्रों का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों पर था और इन कार्यों में पर्याप्त तेजी आई है। वर्ष के दौरान कुल 48 औद्योगिक प्लॉट और 82 सांस्थानिक प्लॉट आबंटित किए गए।

2.6 दि.वि.प्रा. ने नीलामी/आबंटन द्वारा 1103 व्यावसायिक प्लॉटों (पी.वी.सी. डीलरों को आबंटित किए गए 1043 प्लाटों सहित) का निपटान किया है और नीलामी/निविदा/आबंटन द्वारा कुल 809 दुकानों/निर्मित इकाइयों का भी निपटान किया गया है, जिनसे क्रमशः 119.17 करोड रू. और 45.29 करोड़ रू. का राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे प्रयास भविष्य में जारी रखनें का प्रस्ताव है ताकि खाली पड़ी सभी व्यावसायिक सम्पत्तियों का निपटान किया जा सके और निवासियों

... OF URBAN DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

द्वारा अपने निवासों में व्यावसायिक संस्थापनाएं अनाधिकृत रूप से चलाने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जा सके।

2.7 वर्ष के दौरान भूमि सुधार में भी प्रगति आई है और कुल 281 अवैध निर्माण गिराए गए, जिसके परिणामस्वरूप 2912 ढांचों को हटाकर 195 एकड़ भूमि पुनः प्राप्त की गई।

कुल 281 अवैध निर्माण गिराए गये जिसके परिणामस्वरूप लगभग 195 एकड़ भूमि पुनः प्राप्त की गई।

2.8 दि.वि.प्रा. ने अब तक 16000 एकड़ हरित भूमि का विकास नगर वनों, हरित पट्टियों, जिला पार्कों, निकटवर्ती पार्कों, लघु क्षेत्रों आदि के रूप में किया हैं।

2.9 दिल्ली मुख्य योजना के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार दि.वि.प्रा. ने दिल्ली के विभिन्न भागों में विभिन्न व्यायाम केन्द्र (फिटनेस ट्रेल्स) आदि के अतिरिक्त अब तक 8 खेल परिसरों, 4 मल्टीजिमों, खेल के 26 मैदानों का निर्माण/विकास किया है। पाँच और खेल–परिसरों, 4 मल्टीजिमों और खेल के 10 अतिरिक्त मैदानों का कार्य शुरू किए जाने का प्रस्ताव है।

2.10 वर्ष के दौरान, दि.वि.प्रा. की, दिल्ली सरकार के निक्षेप–कार्य के रूप में 7 ऊपरी पुलों का निमार्ण कार्य प्रारंभ करने की योजना है।

ये सात ऊपरीपुल निम्नलिखित स्थानों पर होगें:

1. वजीराबाद रोड – मार्ग सं. – 66।
2. विकास मार्ग – मार्ग सं. – 57।
3. राष्ट्रीय राजमार्ग–24–नोएडा चौराहा।
4. जेल रोड/मायापुरी रोड चौराहा।
5. रिंग रोड, मार्ग सं. – 41।
6. नेल्सन मंडेला मार्ग – महरौली–महिपालपुर मार्ग।
7. राष्ट्रीय राजमार्ग–2, मार्ग सं.–13ए।

आशा है कि कुछ ऊपरी पुलों का निर्माण जून–जुलाई, 2000 तक पूरा हो जाएगा।

सतर्कता प्रबंध कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर श्री भूरे लाल, सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त ने दीपक ज्योति प्रज्वलित की।

दिल्ली को भीड़भाड़ से मुक्त करने के लिए, दूसरे चरण में दि.वि.प्रा. द्वारा 6 फ्लाई ओवरों/रोड ओवर ब्रिज का कार्य प्रारंभ किए जाने की आशा हैं।

2.11 दिल्ली विकास प्राधिकरण के कर्मिकों की कार्यक्षमता में निरन्तर सुधार करने और उनके कार्य में उन्हें अत्यधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सतर्कता विभाग के अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन श्री भूरे लाल, सचिव, केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने किया और केन्द्रीय जांच ब्यूरो तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग से विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ आमंत्रित किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता श्री विट्ठल, केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त, भारत सरकार द्वारा की गई।

3. प्राधिकरण का प्रबंध तंत्र

3.1 दिल्ली विकास प्राधिकरण एक ऐसा निगमित निकाय है, जिसे सम्पति का अधिग्रहण करने, उसे रखने और उसका निपटान करने की शक्ति सहित शाश्वत उत्तराधिकार एवं कॉमन सील प्राप्त है। यह मुकदमा दायर कर सकता है और इस पर मुकदमा दायर किया जा सकता है। प्राधिकरण का गठन दिल्ली विकास अधिनियम 1957 की धारा 3 के अंतर्गत किया गया था।

भारतिय प्रशासनिक सेवा के 1961 के बैच के अधिकारी तथा प्रख्यात प्रशासक श्री विजय कपूर, आई.ए.एस. ने दिनांक 20 अप्रैल, 1998 को दिल्ली के उपराज्यपाल तथा दि.वि.प्रा. के अध्यक्ष के रुप में कार्य भार ग्रहण किया। उन्होंने इससे पूर्व छह वर्ष से ऊपर तक एशिया एवं प्रशांत के आर्थिक एवं सामाजिक आयोग, संयुक्त राष्ट्र में कार्य किया। वे अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली तथा जम्मू–कश्मीर के मुख्य सचिव भी रहे। वे दि.वि.प्रा. के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने से पहले रक्षा उत्पादन तथा आपूर्ति विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव के रुप में सेवा–निवृत हुए।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 1.4.98 से 31.3.99 तक दिल्ली विकास प्राधिकरण का गठन इस प्रकार था:–

अध्यक्ष:	
श्री विजय कपूर	20.4.98 से 31.3.99 तक
उपाध्यक्ष	
श्री पी.के.घोष	1.4.98 से 31.3.99 तक
पूर्ण कालिक सदस्य	
1. श्री के.पी.लक्ष्मण राव, वित्त सदस्य, दि.वि.प्रा.	1.4.98 से 31.3.99 तक
2. श्री आर.के.भंडारी, अभियंता सदस्य, दि.वि.प्रा.	1.4.98 से 31.3.99 तक
केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत	
1. श्री एस.बनर्जी, संयुक्त सचिव	29.5.98 से 31.3.99 तक
2. श्री वी.सुरेश, अध्यक्ष एव प्रबंध निदेशक, हडको	1.4.98 से 31.3.99 तक
3. श्री डी.एस.मेशराम मुख्य योजनाकार, टी.सी.पी.ओ	1.4.98 से 31.3.99 तक
पदेन	
1. श्री वी.के.दुग्गल, आयुक्त, दि.न.नि.	1.4.98 से 23.11.98 तक
गैर–सरकारी सदस्य	
1. श्री साहिब सिंह चौहान, विधायक	1.4.98 से 23.11.98 तक
2. श्री स्वरूप चंद राजन, विधायक	1.4.98 से 23.11.98 तक
3. श्री रामवीर सिंह विधूडी, विधायक	1.4.98 से 31.3.99 तक.
4. कुमारी देवाज्ञा भार्गव, पार्षद, दि.न.नि.	1.4.98 से 23.11.98 तक
5. श्री महाबल मिश्र, पार्षद, दि.न.नि.	

प्राधिकरण की वर्ष में 6 बैठकें हुई और कुल 71 मदों पर विचार किया गया।

विकास सदन मे स्वागत कक्ष का निरिक्षण करते हुए श्री विजय कपूर, उप राज्यपाल, दिल्ली और दि.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारी

दि.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत करते हुए उप राज्यपाल

3.2 सलाहकार परिषद

यह दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 5(1) के अंतर्गत गठित निकाय है, जिसका उद्देश्य मुख्य योजना तैयार करने तथा योजना एवं विकास से संबंधित ऐसे अन्य मामलों पर या इस अधिनियम के प्रशासन से संबद्ध या उसके संबंध में उठने वाले मामलों में – जो भी प्राधिकरण इसे भेजे, प्राधिकरण को सलाह देना है। वर्ष के दौरान सलाहकार परिषद का गठन इस प्रकार था:–

1. अध्यक्ष — श्री विजय कपूर 20.4.98 से 31.3.99 तक
2. लोक सभा सदस्य
   1. श्री लाल बिहारी तिवारी 8.6.98 से 31.3.1999 तक
   2. श्री ममती मीरा कुमार 8.6.98 से 31.3.99 तक
3. राज्य सभा सदस्य
   1. श्री भुवनेश चतुर्वेदी 1.4.98 से 31.3.99 तक
   2. श्री पी.के.घोष 1.4.98 से 31.3.99 तक
4. उपाध्यक्ष
5. सदस्य
   1. श्री तिलक राज अग्रवाल, पार्षद, दि.न.नि. 1.4.98 से 31.3.99 तक
   2. श्री दुष्यंत कुमार गौतम, पार्षद, दि.न.नि. 1.4.98 से 31.3.99 तक
   3. श्री अजित सिंह, पार्षद, दि.न.नि. 1.4.98 से 31.3.99 तक
   4. श्रीमती लीला बिष्ट, पार्षद, दि.न.नि. 1.4.98 से 31.3.99 तक
   5. अध्यक्ष, दि.प.नि.
   6. अध्यक्ष, डी.ई.ए.
   7. महानिदेशक (रक्षा संपदा), रक्षा मंत्रालय
   8. महानिदेशक (सड़क) एवं अपर सचिव, परिवहन मंत्रालय
   9. मुख्य योजनाकार, टी.सी.पी.ओ.
   10. जी.एम.पी.एम. (एन) म.न.टे.नि.लि.
   11. नगर स्वास्थ्य अधिकारी, दि.न.नि.
   12. श्री जे.पी.गोयल
   13. श्री चत्तर सिंह
   14. श्री सुनील देव।

दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 5(2) (ड.) के प्रावधानों के अनुसार दिल्ली जल–आपूर्ति एवं मल–जल व्ययन संस्थान एवं दिल्ली विद्युत बोर्ड समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 2 व्यक्तियों का उक्त समितियां चयन नहीं कर सकीं।

3.3 केन्द्र सरकार के निर्देश

दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 41 के संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी निर्देश और उन पर की गई कार्रवाई का भी रिकार्ड रखा गया।

आवास विभाग का निरीक्षण करते हुए श्री विजय कपूर, उप राज्यपाल, दाएं आयुक्त और आयुक्त (आवास) के साथ।

3.4 स्टाफ क्वार्टर

स्टाफ क्वार्टर आवंटन शाखा दिल्ली एवं नई दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में फैली 35 कालोनियों में 1613 स्टाफ क्वार्टरों के आवंटन का कार्य देखती है। स्टाफ क्वार्टरों का आवंटन शहरी विकास मंत्रालय एवं सम्पदा निदेशालय के विनियमों के अनुसार किया जाता है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान दिवि.प्रा. के कर्मचारियों से 765 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। वरिष्ठता के आधार पर 197 स्टाफ क्वार्टर आबंटित किए गए। चिकित्सा समस्याओं, अनुकम्पा, कार्य–अपेक्षाओं एवं महिला कोटे के अंतर्गत बिना बारी आधार पर 16 स्टाफ क्वार्टर शहरी विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार आबंटित किए गए। 33 मामलों में स्टाफ क्वार्टर एक कॉलोनी से दूसरी कॉलोनी में देने के अनुरोधों को अनुमति दी गई। नए आबंटन में टाइप–1 के 77 फ्लैट, टाइप–2 के 55 फ्लैट, टाइप–3 के 55 फ्लैट, टाइप–4 के 7 फ्लैट और टाइप–5 के 3 फ्लैट आबंटित किए गए।

3.5 नजारत शाखा

नजारत शाखा सामान्य प्रशासन एवं प्रबंध कार्य करती है और लेखन–मदों फर्नीचर, कार्यालय उपकरणों की खरीद, वर्दी जारी करने, फैक्स मशीनों, मैनुअल, इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटरों के रखरखाव, तथा पैट्रोल/डीजल की खपत पर निगरानी रखने सहित दि.वि.प्रा. के स्टाफ–वाहनों के रख–रखाव के लिए जिम्मेदार है।

उक्त कार्यों के अतिरिक्त, नजारत शाखा ने दि.वि.प्रा. के अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय उपकरण एवं फर्नीचर की मदें देने के मानदंड निर्धारित किए।

बी ब्लॉक, भूतल, विकास सदन में 4 फोटोकोपियर लगाए गए और दि.वि.प्रा. न्यायालय मामलों से संबंधित लगभग 4 लाख दस्तावेजों की फोटोप्रतियां की गई, ताकि पैनल वकीलों के लिए समानांतर फाइलें तैयार की जा सकें।

अवैध निर्माण गिराने वाले एवं प्रवर्तन के अधिकारियों/कर्मचारियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मोबाइल/सेलुलर फोन खरीदे गए ताकि शीघ्र कार्यालय कार्य के लिए आवश्यकता पड़ने पर उनसे सम्पर्क किया जा सके।

3.6 प्रिंटिंग प्रेस

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान मुद्रण के 366 कार्य प्राप्त हुए और सभी कार्यों को समय पर पूरा कर लिया गया। इस उद्देश्य के लिए लगभग 1.80 करोड़ मुद्रण–पत्र (इम्प्रेशन) पूरे किए गए। मुद्रित लेखन–मदें जैसे विभिन्न प्रकार के रजिस्टर, नोट–शीट, ड्राफ्ट शीट, सेवा–पुस्तिकाएं, जी.पी.एफ.पास बुक, फार्म, विवरणिकाएं आदि तैयार की गई।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान दि.वि.प्रा. प्रेस में कलर प्रिंटिंग को मजबूती दी गई और दि.वि.प्रा. प्रेस में पहली बार दि.वि.प्रा. पत्रिका "दिल्ली विकास वार्ता" छापी गई, जो बहुरंग मुद्रण कार्य है। दि.वि.प्रा. की वार्षिक प्रशासन रिपोर्ट के हिन्दी एवं अंग्रेजी पाठ भी विभाग में ही छापे गए। एम्निस्टी योजना पुस्तिका की 29,000 प्रतियों और अंतरण पुस्तिका की 20,000 प्रतियों का मुद्रण भी किया गया। यह भी बहुरंग कार्य था। उक्त सम्पूर्ण कार्य तत्काल किया गया।

यह प्रमाण करता है दि.वि.प्रा. विभाग में ही हर तरह का मुद्रण कार्य करने में सक्षम है।

प्रेस के आधुनिकीकरण के लिये तत्काल मुद्रण करने की एक मशीन लगाई गई, जिससे मुद्रण–क्षमता में और वृद्धि हुई है।

3.7 हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग का मुख्य कार्य दि.वि.प्रा. में भारत सरकार की राजभाषा नीति को कार्यान्वित करना है। तद्नुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई और हिन्दी के प्रयोग संबंधी समस्याओं एवं निवारक उपायों सहित हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी मामलों पर विचार किया गया। 6 निरीक्षण किए गए और निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया।

13 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया और हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण में कुल 163 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। हिन्दी आशुलिपि एवं हिन्दी टंकण के लिए क्रमशः 14 आशुलिपिकों और 72 निम्न श्रेणी लिपिकों को नामित किया गया। सितम्बर, 1998 में "हिन्दी पखवाड़ा" के अवसर पर नए प्रोत्साहन प्रारंभ किए गए और 3 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 9 कर्मचारियों को पुरस्कार दिए गए।

3.8 जन–सम्पर्क विभाग

दि.वि.प्रा. के जन–सम्पर्क विभाग को प्रचार के माध्यम से संगठन की छवि निर्माण और संचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करते हुए जनता के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने का कार्य सौंपा गया है। इस के अन्य मुख्य कार्यों में विज्ञापन नीति तैयार करना, विज्ञापन दरें निर्धारित करना, विज्ञापन एजेंसियों को नामिका में रखना, विभागीय तिमाही पत्रिका, प्रचार साहित्य, दिशानिर्देश पुस्तिकाएं, स्मारिका आदि प्रकाशित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त यह विभाग प्रेस सम्मेलनों के आयोजन, विभिन्न समारोहों की कवरेज, प्रेस विज्ञप्ति जारी करने, समाचार पत्रों एवं जन–शिकायत विभाग, भारत सरकार से प्राप्त शिकायतों पर अनुवर्ती कार्रवाई करने, खण्डन पत्र जारी करने, शिष्टमंडलों के स्वागत तथा प्रेस–दौरों के संयोजन आदि के लिए भी जिम्मेदार है। 1.4.98 से 31.3.99 की अवधि के दौरान किए गए विभिन्न कार्य इस प्रकार हैं:

- विभिन्न कार्यों की उपलब्धियों को दर्शाने वाली 98 प्रेस विज्ञप्तियों (अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों भाषाओं में) जारी की गई। ये प्रेस विज्ञप्तियां समाचार पत्रों एवं दृश्य/श्रव्य माध्यम दोनों को दी गई। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान एक प्रेस सम्मेलन तथा समाचार–कार्मिकों के लिए दि.वि.प्रा. हरित क्षेत्रों के एक दौरे का भी आयोजन किया गया।
- दिल्ली विकास वार्ता के अप्रैल–जून–98 के अंक की 3000 प्रतियां प्रकाशित एवं वितरित की गई।
- व्यक्तिगत शिकायतों के निवारण के लिए 99 प्रेस कतरनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई।
- सम्पादकों को 31 पत्र जारी किए गए।

- विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशत के लिए 133 से अधिक विज्ञापन हिंदी एवं अंग्रेजी में जारी किए गए।



नागरिक घोषणा पत्र पर कार्यशाला का उद्घाटन करने के लिए दीप प्रज्वलित करते हुए श्री एन.पी. सिंह, सचिव, जन शिकायत विभाग।

दि.वि.प्रा. पुस्तकालय जन–सम्पर्क विभाग के अधीन कार्य करता है। यह दि.वि.प्रा. के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों की पठन एवं संदर्भ आवश्यकताओं को पूरा करता है। यह शहरी विकास के विभिन्न पहलुओं पर संदर्भ भंडार के रूप में कार्य करता है। भोजन अवकाश के दौरान कर्मचारियों को वीड़ियो फिल्में दिखाई जाती हैं। बाल पुस्तकों के लिए इसमें एक अलग अनुभाग है। कर्मचारियों द्वारा उसके उपयोग को और कारगर बनाने के लिए पुस्तकालय का सुधार किया गया है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय में 785 नई पुस्तकें मंगाई गई और इसमें कुल 16250 पुस्तकों का संग्रह हो गया है। पुस्तकालय 46 समाचार–पत्र एवं 55 पत्रिकाएं मंगाता है।

नागरिक अधिकार पत्र में निर्दिष्ट समय कार्यक्रम का अनुपालन नहीं करने के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर निगरानी रखी गई। रिपोर्टाधीन अवधि में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 12 को निपटाया गया।

नागरिक अधिकार–पत्र में दिए गए समय के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एक सहायक प्रश्नावली बनाई गई। स्वागत काउंटर, विकास सदन में एक बॉक्स रखा गया, जहां व्यक्ति अपने विशेष मामले में समय–कार्यक्रम की कमियों का सहायक फार्म में उल्लेख करके इन फार्मों को बॉक्स में डाल सकते हैं।

जन शिकायत विभाग, मंत्रि–मंडल सचिवालय, भारत सरकार के माध्यम से 67 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 50 शिकायतें निपटा ली गई। इन शिकायतों पर विचार–विमर्श करने के लिए सचिव, जन–शिकायत विभाग ने दो बैठकें बुलाई।

आवास विभाग का निरीक्षण करते हुए श्री एन.पी. सिंह, सचिव, जन शिकायत विभाग।

कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए श्री [illegible]

4. सतर्कता विभाग।

कुल 59 आरोप-पत्र जारी किए गए और 74 अधिकारियों/कर्मचारियों को निलंबित किया गया।

105 अधिकारियों/कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के दंड दिए गए।

5 वर्ष से पुराने मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

796 सामान्य शिकायतों को निपटाया गया और 179 प्राथमिक जांच-पड़ताल के मामलों को अंतिम रूप दिया गया।

4.1 दि.वि.प्रा. की सर्तकता विभाग का नेतृत्व मुख्य सर्तकता अधिकारी करते हैं। तकनीकी एवं गैर तकनीकी मामलों की जांच करने और दि.वि.प्रा. के कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए इनकी सहायता गैर–तकनीकी क्षेत्र में एक निदेशक, तीन उप निदेशक, सात सहायक निदेशक, एक लेखाधिकारी, एक सहायक लेखा अधिकारी, एक अधीक्षक और एक कनिष्ठ विधि–अधिकारी करते हैं, जबकि तकनीकी क्षेत्र में दो अधीक्षण अभियंता (अधीक्षण अभियंता का एक पद रिक्त है), नौ अधिशासी अभियंता, नौ सहायक अभियंता इनकी सहायता करते हैं। तकनीकी प्रकृति के मामलों में इंजीनियरी एवं उद्यान विभाग शामिल हैं। वर्ष 1998–99 के दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग की विभागीय जांच के लिये आयुक्तों ने विभागीय जांच की, चार वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी संविदा आधार पर जांच अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। एक अधीक्षक अभियंता भी पूर्णकालिक अधीक्षक अभियंता (सर्तकता) जांच के रूप में कार्यरत है।

4.2 सतर्कता विभाग समय–समय पर कार्मिक विभाग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेश के अनुसार भ्रष्टाचार निवारक उपयों के कार्यान्वयन एवं सेवा में सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। भ्रष्टाचार निवारक उपायों पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा उनकी कार्य–योजना में बनाई गई तीन आयामी नीति अर्थात रोकथाम, निगरानी एवं खोज तथा निवारक दंडात्मक कार्रवाई का सख्ती से पालन किया जा रहा है। निवारक सतर्कता पर और अधिक बल दिया जा रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो, भ्रष्टाचार निरोधी शाखा, रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार, केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय के साथ नियमित सम्पर्क रखा जाता है। कोई दोष, विभाग प्रमुख के ध्यान में आने पर उसे ठीक किया जाता है और जहां कहीं आवश्यक हो पद्धति सरल एवं कारगर बनाई जाती है।

4.3 वर्ष 1998–99 के दौरान (31 मार्च, 1999 तक) दण्डात्मक मामलों के संबंध में दिल्ली विकास प्राधिकरण (वेतन, भत्ते एवं सेवा–शर्त) विनियम, 1961 के विनियम 16 एवं 17 के अर्न्तगत 59 आरोप पत्र जारी किए गए हैं। 74 अधिकारियों / कर्मचारियों को निलंबित रखा गया। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण के 105 अधिकारियों/कर्मचारियों पर विभिन्न प्रकार के दण्ड लगाए गए। इनके विवरण इस प्रकार हैं:–

(क) निंदा	26
(ख) वसूली	2
(ग) वेतन वृद्धि रोकना	72
(घ) निम्न पद पर भेजना	4
(ङ) अनिवार्य सेवा–निवृत्ति	–
(च) पद से हटाना/सेवा समाप्त करना/पदच्युत करना	1
	105



सतर्कता प्रबंध पर प्रशिक्षण सत्र का एक दृश्य।

4.4 रंगे हाथ पकड़ने के मामले

4.4.1 दि.वि.प्रा. का सतर्कता विभाग केन्द्रीय जांच ब्यूरो, रा.रा.क्षे. सरकार की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा से सम्पर्क रखता है। इन एजेंसियों के साथ निकट समन्वय के परिणाम स्वरूप केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने चार कर्मचारियों को रंगे हाथ पकड़ा और सतर्कता विभाग ने उन्हें निलंबित किया।

4.4.2 जाली बैंक चालानों के आधार पर कब्जा पत्र जारी करने के लिए फ्लैटों के पंजीकृत व्यक्तियों को गुप्त रूप सं सहयोग दिए जाने के कारण आवास लेखा विभाग के कुछ कर्मचारियों के विरूद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज कराई गई।

4.4.3 प्राधिकरण के कर्मचारियों के विरूद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो, भ्रष्टाचार निरोधी शाखा एवं दिल्ली पुलिस में दो मामले पंजीकृत कराए गए। इस अवधि के दौरान 796 सामान्य शिकायतें निपटाई गई। प्राथमिक जांच के 179 मामले समुचित निष्कर्ष के लिये लाए गए। दि.वि.प्रा. के विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में कुल 2615 सतर्कता निपटान रिपोर्टें जारी की गई।

'सतर्कता प्रबंध' पर प्रशिक्षण में भाग लेने वालों के साथ उपाध्यक्ष और दि.वि.प्रा. के अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

4.4.4 वसंत कुंज क्षेत्र में कुछ अनाबंटित फ्लैटों की जांच की गई और जांच के दौरान पाया गया कि दो अनाबंटित फ्लैटों पर अनधिकृत व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा था। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

4.4.5 5 वर्ष से अधिक पुराने मामलों के निपटान के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस प्रकार के मामलों में कुछ हद तक कमी आई।

4.4.6 सतर्कता जांच के वर्तमान स्तर तक पहुंचने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं, जो अब तक नहीं किए गए थे।

4.4.7 आठ जांच अधिकारियों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देकर सतर्कता टीम को मजबूत किया गया है।

4.4.8 प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की सम्पत्ति के विवरणों की अनुवीक्षा करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है।

सतर्कता विभाग के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

4.4.9 जांच के स्तर में सुधार लाने के साथ–साथ सतर्कता मामलों के समुचित प्रबन्ध के लिए सतर्कता विभाग के अधिकारियों के लिए, दिनांक 16.2.99 से 18.2.99 तक एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

4.4.10 प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन श्री भूरे लाल, सचिव, केन्द्रीय जांच आयोग द्वारा किया गया और उसकी अध्यक्षता श्री ए.रामास्वामी, आई.ए.एस., प्रधान आयुक्त द्वारा की गई। केन्द्रीय जांच ब्यूरो और केन्द्रीय सतर्कता आयोग से विषय के विशेषज्ञ बुलाए गए। सतर्कता विभाग में कार्यरत अधिकारियों को न्यायालय मामलों सहित सतर्कता मामलों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन और अद्यतन जानकारी दी गई। दिनांक 18.2.99 को प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में भारत सरकार के मुख्य सतर्कता आयुक्त श्री एन.विट्ठल मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा प्रधान आयुक्त ने भी अपने विचार प्रकट किये।

5. विधि विभाग

5.1 प्राधिकरण द्वारा अथवा इसके विरूद्ध होने वाले सम्पूर्ण विधिक कार्य की देखभाल प्राधिकरण के विधि विभाग द्वारा की जाती है। दि.वि.प्रा. की विभिन्न शाखाओं के विभागाध्यक्षों द्वारा इस विभाग को भेजे जाने वाले मामलों में यह कानूनी सलाह देता है।

प्राधिकरण के लिए और इसके विरूद्ध अदालती मामलों हेतु यह विभाग अधिवक्ताओं की सेवाएं लेता है। इस समय उच्च न्यायालय के पैनल में 18 अधिवक्ता और जिला न्यायालयों हेतु पैनल में 25 अधिवक्ता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अदालती मामले न्यायालयों में प्रभावी रूप से रखे जाते हैं और बचाव किया जाता है, वित्त सदस्य का अनुमोदन लेकर महत्वपूर्ण मामलों में वरिष्ठ अधिवक्ता/विशेष सलाहकार भी रखे जाते हैं। महत्वपूर्ण अदालती मामलों को चलाने के लिए एक वरिष्ठ स्थायी सलाहकार/2 अतिरिक्त वरिष्ठ स्थायी सलाहकार और तीन स्थायी सलाहकार भी रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त, उच्चतम न्यायालय के मामलों को चलाने के लिए रिकार्ड में 3 अधिवक्ता हैं।

5.2 वर्ष 1998–99 के दौरान दि.वि.प्रा. ने महत्वपूर्ण मुकदमें जीते। इनमें कुछ मामले नीचे दिए जा रहे हैं :–

5.2.1 **प्रकाश चन्द्र मलिक बनाम डी.डी.ए.**

श्री प्रकाश चन्द्र मलिक को आट्रम लाइन, दिल्ली में एक प्लाट सं., 1444 का आबंटन किया गया था। उन्होंने अपने साथ की 133 वर्ग गज अतिरिक्त भूमि (प्लाट सं. 1444/1) के रियायती दरों पर आबंटन के लिए एक मुकदमा दायर किया। उक्त प्लाट सं 1444/1, आट्रम लाइन की नीलामी दि.वि.प्रा. द्वारा की जानी थी। तर्कों को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने उक्त प्लाट की नीलामी के लिए स्थगनादेश देने से मना कर दिया। इस प्रकार उक्त प्लाट की नीलामी दि.वि.प्रा. द्वारा की गई और इससे विभाग को 26,27,000/– की राशि प्राप्त हुई।

5.2.2 **श्रीमती अमृत कौर बनाम श्रीमती परमजीत कौर और अन्य (आर.एफ.ए.सं. 817/85)**

श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा प्लाट सं. 51, वसन्त लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली, एक नीलामी में खरीदा गया और नीलामी की शर्तों के अनुसार बोली की राशि का 25 प्रतिशत जमा करा दिया गया और शेष राशि का भुगतान नहीं किया गया। श्री सुरेन्द्र सिंह की दिनांक 1.7.73 को मृत्यु हो गई। बोली–दाता के पिता श्री सूरत सिंह ने घोषणा (डिक्लेरेशन) के लिए एक मुकदमा दायर किया कि श्री सुरेन्द्र सिंह एक बेनामी धारक था। श्री सूरत सिंह की मृत्यु के पश्चात उनकी विधवा श्रीमती अमृत कौर रिकार्ड में आई। ट्राइल कोर्ट द्वारा घोषणा (डिक्लेरेशन) के लिए मुकदमें को खारिज कर दिया और उक्त निर्णय के विरूद्ध वर्तमान अपील को प्राथमिकता दी गई। प्रतिवादी सं. 1 ने मुख्तारनामें के माध्यम से मैसर्स वैनटेज कन्सट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के श्री हरिन्दरपाल सिंह को प्लॉट वेच दिया, इसलिए उपाध्यक्ष महोदय द्वारा 1992 में आबंटन रदद कर दिया गया। श्री सुरेन्द्र सिंह की विधवा प्रतिवादी सं. 1 ने उपर्युक्त एप्रोल में सी.एम. दर्ज की जिसमें प्रतिवादी सं. 2, दि.वि.प्रा. द्वारा विचाराधीन प्लाट की पुनर्नीलामी.

एक प्रशिक्षण कार्यशाला के भागीदारों को सम्बोधित करते हुए प्रधान आयुक्त, दि.वि.प्रा.।

हस्तान्तरण अथवा अन्तरण करने से रोकने का अनुरोध किया गया। अपर वरिष्ठ स्थायी काउन्सिल द्वारा मुकदमा लड़ा गया। तर्कों को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने सी.एम. को खारिज कर दिया। अपील के निष्क्रिय होने के पश्चात दि.वि.प्रा. ने दिनांक 24.8.98 को उक्त प्लाट की पुनर्नीलामी 3.65 करोड़ रू. पर की।

5.2.3 **डी.डी.ए. बनाम श्री कीमती लाल बब्बर एवं अन्य (सिविल अपील सं. 8918/98)**

शिकायतकर्ता/प्रतिवादी श्री के.के.बब्बर ने एम.आर.टी.पी. में डी.डी.ए. के विरूद्ध एक शिकायत की कि बरसात में नबी–करीम क्षेत्र में उसका पुराना मकान गिर गया और वह उसको दोबारा बनवा रहा है, जिसमें प्राधिकरण की कोई स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। डी.डी.ए. ने कहा कि विचाराधीन क्षेत्र डी.डी.ए. के विकास क्षेत्र में आता है और डी.डी.ए. की बिना पूर्व स्वीकृति के कोई निर्माण–कार्य नहीं किया जा सकता और भवन उपविधि भी इस तरह के निर्माण करने की अनुमति नहीं देती। तथापि, एम.आर.टी.पी. ने निर्माण करने की अनुमति दे दी। डी.डी.ए. ने माननीय उच्चतम न्यायालय में एस.एल.पी को प्राथमिकता दी, जिसमें एम.आर.टी.पी. आयोग के उपर्युक्त आदेश को चुनौती दी गई। माननीय उच्चतम न्यायालय ने एम.आर.टी.पी.आयोग के आदेशों को अपास्त (सेट एसाइड) कर दिया और पाया कि आयोग के उपर्युक्त आदेश बिना क्षेत्राधिकार के थे। तदनुसार, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिकायत को भी खारिज कर दिया गया।

5.2.4 **लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल सोसाइटी एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य (सी.डब्ल्यू 3775/91 एवं अन्य सी.डब्ल्यू.पी.एल.सी.)**

माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में शैक्षिक सोसाइटियों द्वारा बहुत सी रिट याचिकाएं दायर की गई, जिनमें उनको आबंटित भूमि के लिए दि.वि.प्रा. द्वारा की गई अतिरिक्त मांग को चुनौती दी गई। इन शैक्षिक सोसाइटियों को "अस्थायी बाजार मूल्यों" पर सांस्थानिक प्लॉट आबंटित किए गए और आबंटन स्वीकार करते समय वाचिकाकर्ता अन्तर राशि का भुगतान करने के लिए सहमत थे, जो "न लाभ न हानि" आधार पर नहीं था बल्कि "अस्थायी बाजार मूल्यों" पर था। हमारे वरिष्ठ स्थायी काउन्सिल द्वारा मामले पर तर्क किया गया। माननीय न्यायालय ने अपने दिनांक 21.8.98 के निर्णय द्वारा कहा कि आवेदकों को यह अनुरोध करने से रोका जाता है कि वे "न लाभ–न हानि" आधार पर आबंटन करने के हकदार हैं या वे "न लाभ–न हानि" आधार पर दरों का भुगतान करने को बाध्य है। इस निर्णय द्वारा प्राधिकरण, 18 शैक्षिक सोसाइटियों से 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सहित लगभग 2.00 करोड़ रू. के शेष प्रीमियम को वसूल कर पाएगा।

5.2.5 **सीताराम भंडार सोसाइटी बनाम उपराज्यपाल इत्यादि (सी.डब्ल्यू.एस.1628 एवं 1629/95)**

याचिकाकर्ता ने दो रिट याचिकाएं दर्ज की, जिसमें अधिग्रहण कार्यवाही को चुनौती दी गई और लाडो सराय, खसरा नं. 157 में स्थित 11 बीघा और 8 विस्वा भूमि का कब्जा लेने के स्थगन के लिए आग्रह किया गया। माननीय न्यायालय ने अपने दिनांक 25.9.98 के निर्णय द्वारा प्रत्येक मामले में 10,000/– रू. की लागत सहित दोनों रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया ओर पाया कि भूमि का कब्जा भारत संघ भूमि अधिग्रहण समाहर्ता के पास रहेगा और दि. वि.प्रा. को अन्तरित कर दिया जाए तथा किया गया अधिग्रहण कानून की निगाह में पूर्ण और वैध था। इस प्रकार दिल्ली विकास प्राधिकरण दक्षिण दिल्ली में करोड़ों रूपयों की प्रतिष्ठित भूमि को बचाने में कामयाब रहा।

5.2.6 **खजान सिंह बनाम भारत संघ और अन्य (सी.डब्लू.पी.1958 / 96 एवं 128 अन्य सी. डब्लू.पी.)**

दिल्ली उच्च न्यायालय में 129 रिट याचिकाएं दायर की गई, जिसमें उनकी अधिग्रहीत भूमि के बदले में विकसित आवासीय प्लाटों के आबंटन के लिए याचिकाकर्ताओं से मांगे गए प्रीमियम को चुनौती दी गई। याचिका कर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 21 और उसके अन्तर्गत बनाई गई नीति के अन्तर्गत याचिकाकर्ता और अन्य लोग जिनकी भूमि अधिग्रहीत की गई है, उक्त भूमि पर आवासीय स्थान के आबंटन के लिए अन्य किन्ही भी लोगों से प्राथमिकता रखते हैं और दि.वि.प्रा. अविकसित नजूल भूमि का आबंटन नहीं कर सकता और उसको विकसित किए बिना प्लाट की कीमत की मांग नहीं कर सकता। हमारे वरिष्ठ स्थायी काउन्सिल द्वारा मामला लड़ा गया। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 28.10.98 के आदेश के द्वारा सभी रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया और पाया कि दि.वि.प्रा. द्वारा लिए गए मूल्य सही और तर्कसंगत हैं। तथापि, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने दि.वि.प्रा. को निर्देश जारी किए कि यदि याचिकाकर्ता को आबंटित की गई भूमि का प्लाट अभी भी उपलब्ध है और राशि जमा करने के लिए 4 सप्ताह की अवधि में बिना किसी शर्त के अनुरोध किया जाता है तो दि.वि.प्रा. इस प्रकार के अनुरोध प्राप्ति के 8 सप्ताह की अवधि के अन्दर रिकार्ड से सत्यापन करने के पश्चात प्रत्येक याचिकाकर्ता को नया मांग पत्र जारी करे। इसमें पहले भुगतान हेतु निर्धारित की गई तिथि से किए गए भुगतान की तिथि अथवा भुगतान के लिए जारी नए पत्र की तिथि तक 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज लगाया जाए। माननीय न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि संशोधित मांग–पत्र की प्राप्ति की 8 सप्ताह की अवधि I के अन्दर याचिकाकर्ताओं द्वारा भुगतान करने पर ओर दस्तावेज के संबंध में अन्य औपचारिकताओं के पूर्ण होने के पश्चात दिल्ली विकास प्राधिकरण उसके बाद 4 सप्ताह की अवधि के अन्तर्गत याचिकाकर्ता को संबंधित प्लाट का कब्जा दे देगा। इस प्रकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण प्रीमियम के रूप में (ब्याज सहित) करोड़ों रूपये प्राप्त करने में सफल होगा।

5.2.7 **अमीन चन्द्र और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य (सी.एम.सं. 9964 / 98, सी.डब्ल्यू. सं. 2762 / 85 में)**

रिट याचिका का विषय–मामला उस भूमि से है, जो खसरा सं. 133–134 गांव खिड़की में है। 104 एस.एफ.एस. फ्लैट बनाए गए। तथापि, पहुंच–मार्ग विद्युतीकरण, सीवर, जल और नाली इत्यादि के कारण ड्रा नहीं निकाला जा सका, क्योंकि उपर्युक्त भूमि के संबंध में यथापूर्व स्थिति के आदेश विद्यमान थे। यथापूर्व स्थिति के आदेशों को संशोधित करने के लिए दि.वि.प्रा. द्वारा एक आवेदन किया गया। माननीय न्यायालय ने अपने दिनांक 12.1.99 के आदेशों द्वारा "यथापूर्व स्थिति" आदेशों को इस हद तक संशोधित किया कि पहुंच–कार्य किया जा सके, जिसमें उपर्युक्त प्लाट में विद्युत कार्य और सीवर तथा बरसाती पानी निकालने की आवश्यक कार्रवाई शामिल है। इस प्रकार, दि.वि.प्रा. ड्रा को निकाल कर उपर्युक्त एस.एफ.एस. फ्लैटों के निर्माण पर खर्च हुई बड़ी राशि को वसूल कर सकता है।

5.2.8 **हरी प्रकाश इत्यादि बनाम भारत संघ एवं अन्य (सी.डब्ल्यू. सं. 2507 / 98 एवं सी. डब्ल्यू.सी. डब्ल्यू.पी)**

4 रिट याचिकाएं दायर की गई, जिसमें मोलड़ बंध में 103 बीघा और 5 बिस्वा भूमि की अधिग्रहण कार्यवाही को चुनौती दी गई तथा निर्मित अथवा मुआवजे के भुगतान न होने के कारण उक्त भूमि को जारी करने का अनुरोध किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की शुग्गियों को पुनः स्थान देने के लिए विचाराधीन भूमि स्लम एवं जे.जे. विभाग को सौपी जानी अपेक्षित थी। हमारे वरिष्ठ स्थायी काउन्सिल द्वारा मामले को लड़ा गया और रिट याचिका खारिज हुई, जिसमें उसके स्थगनादेश से मुक्त हुई उपर्युक्त भूमि को वापिस लिया गया। माननीय न्यायलय ने याचिका कर्ता द्वारा दर्ज की गई एल.पी.ए. को भी खारित कर दिया।

6. प्रणाली एवं प्रशिक्षण

6.1 आवास और विधि विंग के कम्प्यूटरीकरण का कार्य सी.एम.सी. लिमिटेड को सौंपा गया और सोफ्टवेयर विकास, नेटवर्क केबलिंग इत्यादि का कार्य प्रगति पर है। इस बात का ध्यान रखा गया कि वित्त वर्ष 1999–2000 के दौरान विधि एवं आवास विंग पूर्णतः ऑनलाइन पर हो और कम्प्यूटरीकरण सभी उम्मीदों पर खरा उतरे और सूचना का प्रचार–प्रसार सही हो, पूर्ण हो और दक्षतापूर्ण हो।

आवास और विधि विभाग के कम्प्यूटरीकरण का कार्य सी.एम.सी. लिमिटेड को सौंपा गया।

कार्मिक विभाग के कम्प्यूटरीकरण का कार्य भी किया गया और सौफ्टवेयर विकास संबंधी कार्य "राइट्स" को दिया गया। जब एक बार प्रणाली अध्ययन रिपोर्ट तैयार हो जाएगी, हार्डवेयर संरक्षण और नेटवर्किंग कार्य भी कर लिया जाएगा, तब आशा है कि 1999 के अन्दर परियोजना पूर्ण हो जाएगी।

चालू वित्त वर्ष के दौरान भूमि निपटान और भूमि प्रबन्ध के साथ–साथ भूमि रिकार्डों को कम्प्यूटरीकरण भी किया जाएगा, ताकि वर्ष 2000 के दौरान सौफ्टवेयर का विकास हो, डाटा बेस बन सके ओर प्रणाली कार्यान्वित हो। पिछले वर्ष में इंटरनेट सैटअप की संभावना प्रबल हुई और इसमें कई और नोड्स बना दिए गए हैं। आवास और विधि विंग के कम्प्यूटरीकरण होने के पश्चात अधिकारियों / उपयोगकर्ताओं को नेटवर्क पर डाटाबेस उपलब्ध हो जाएंगे।

चालू वर्ष के दौरान आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को दुकानों का आबंटन करने के लिए एक ड्रा निकाला गया। पिछले ड्रा के असफल और गैर–पात्र आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को वापसी चैक जारी किए गए। इसी प्रकार न्यू पैटर्न रजिस्ट्रेशन स्कीम, अम्बेडकर आवास योजना और जनता आवास पंजीकरण योजना के फ्लैटों के आबंटन के लिए मासिक ड्रा भी निकाले गए। एस.एफ. एस. योजना के एलोकेटीज को विशिष्ट फ्लैट आबंटित किए गए।

आवासीय प्राप्ति लेखा प्रणाली और प्राप्ति सत्यापन मोड्यूल से प्राप्तियों के सत्यापन में दक्षता आई है। प्राप्ति (रिसीट) ऑन लाइन के तीव्र सत्यापन से राहत योजना के आवेदनों पर दक्षता पूर्वक कार्यवाही हुई है। 1981 से गैर–एन.पी.आर.एस. योजना की प्राप्ति के आंकड़ों की वैधता की जांच की जा रही है और इसको भी शीघ्र ही ऑन लाइन पर उपलब्ध करा लिया जाएगा।

63 बाह्य पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु 146 भागीदारों को भेजा गया और विभागीय पाठ्यक्रमों में 1637 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

6.2 प्रशिक्षण संस्थान स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराता रहा है एवं उनके व्यावसायिक ज्ञान के उन्नयन की आवश्यकता का भी पता लगाता रहता है। यह अन्य व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कर्मचारियों को नामित भी करता है। यह योग्य कर्मचारियों / अधिकारियों को व्यावसायिक सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों में भाग लेने के लिए नामित करता है, जो उन्हें अन्य लोगों के साथ अनुभव बांटने में मदद करता है और उनके व्यावसायिक अनुभवों में नए विचारों की प्रशंसा मिलती है।

विभागीय प्रशिक्षण–सत्र की एक झलक।

वर्ष 1998–99 के दौरान, कार्य की विभिन्न गतिविधियों में नवीनतम तकनीकों का प्रभावी उपयोग करने के लिए और कर्मचारियों के ज्ञान में वृद्धि करने के लिए 1637 कर्मचारियों को अपने यहां सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण संस्थान ने, बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित 63 पाठ्यक्रमों में दि. वि.प्रा. के 146 व्यक्तियों को भी नामित किया, जिनमें हमारे अधिकारियों/कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और दि.वि.प्रा. का प्रतिनिधित्व किया।

नागरिक घोषणा-पत्र पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 70 अधिकारियों ने भाग लिया।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, प्रशिक्षण संस्थान द्वारा "नागरिक अधिकार" पर भी 'बी' ब्लॉक सम्मेलन कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 21.1.99 एवं 22.1.99 को संयुक्त निदेशक स्तर के 70 मध्य स्तर के अधिकारियों ने और 27.1.99 को 50 वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। फरवरी, 1999 के महीने में केन्द्रीय सतर्कता आयोग और अन्य संगठनों के प्रबुद्ध व्यक्तियों की सहायता से दि.वि.प्रा. के सतर्कता विभाग के अधिकारियों के लिए, केन्द्रीय सतर्कता आयोग के साथ संयुक्त रूप से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

2.2.99 को प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कनिष्ठ अभियन्ताओं/अनुभाग अधिकारियों (उद्यान) के लिए सामान्य लेखा परीक्षा भी आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 55 आवेदकों ने हिस्सा लिया और इसमें से 35 कर्मचारी सफल घोषित किए गए।

पिछले दो वर्षों के दौरान प्राप्त उपलब्धियों का तुलनात्मक विवरण एवं वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं:–

1998–99 के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रमों का तिमाही अनुसार विवरण:

क्र.सं.	तिमाही	अपने यहां के पाठ्यक्रम		बाहर के पाठ्यक्रम	
		संख्या	भाग लेने वाले	संख्या	भाग लेने वाले
1.	1.4.98 से 30.6.98	18	249	20	47
2.	1.7.98 से 30.9.98	29	363	14	29
3.	1.10.98 से 31.12.98	33	497	19	47
4.	1.1.99 से 31.3.99	28	528	10	23
कुल		108	1637	63	146

वर्ष 1996–97, 1997–98 एवं 1998–99 के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

	कार्यक्रमों की संख्या			भाग लेने वालों की संख्या		
	96–97	97–98	98–99	96–97	97–98	98–99
1. दि.वि.प्रा. के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें दि.वि.प्रा. के नामित व्यक्तियों ने भाग लिया।	38	85	108	1140	1342	1637
2. बाहरी संस्थानों/एजेंसियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें दि.वि.प्रा. के नामित व्यक्तियों ने भाग लिया।	57	66	63	167	182	146

7. इंजीनियरिंग एवं निर्माण कार्यकलाप

इंजीनियरिंग विंग की मुख्य गतिविधियां है –अधिग्रहीत भूमि का विकास, आधारिक सुविधाओं जैसे सड़कें, नाले, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य सुविधाओं का विकास, व्यावसायिक केन्द्रों और आवासीय इकाइयों का निर्माण। विकसित भूमि का उपयोग प्लाटों को उपलब्ध कराने ओर विभिन्न श्रेणियों के आवासों के निर्माण के लिए किया जाता है। सहकारी समितियों को भी भूमि दी जाती है। दि.वि.प्रा. द्वारा बनाए गए मकान विभिन्न पंजीकृत व्यक्तियों को आबंटित किए जाते हैं, जिनसे आशा की जाती है कि वे मकानों का रख–रखाव स्वयं करें। सड़कें, बरसाती पानी, जल निकासी, सीवरेज, जलापूर्ति इत्यादि सेवाएं, आन्तरिक/परिधीय सेवाएं उपलब्ध कराकर नगर निगम को आगे के रखरखाव के लिए सौंप दी जाती हैं। आम रास्ते और निर्मित क्षेत्रों के अंतर्गत की उपयोगता की जिम्मेदारी आवासीय/व्यावसायिक पाकेटों की संबंधित वैलफेयर सोसाइटियों की होती है।

वर्ष 1998-99 के दौरान 4038 मकान बनाए गए। दिनांक 1.4.98 को 10990 मकान बनाए जा रहे थे और वर्ष 1998-99 के दौरान 12452 मकानों का निर्माण आरंभ किया गया।

इंजीनियरिंग विंग की गतिविधियों को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षों में वर्गीकृत किया जा सकता है :–

(क) आवासीय भवनों का निर्माण
(ख) व्यावसायिक केन्द्रों को विकास।
(ग) आवासीय, सांस्थानिक, औद्योगिक, मनोरंजनात्मक एवं व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भूमि का विकास।
(घ) खेलकूल परिसरों सहित विशेष परियोजनाएं।
(ड.) हरित क्षेत्रों अर्थात मुख्य योजना हरित क्षेत्र, जिला पार्क, समीपवर्ती पार्क, मनारंजनात्मक केन्द्र, खेल मैदानों एवं बाल उद्यानों आदि का विकास और रखरखाव।

उपर्युक्त कार्यकलापों से संबंधित वर्ष 1998–99 की उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:–

7.1 आवासीय भवनों का निर्माण

प्रारंभ से ही दिल्ली विकास प्राधिकरण बहुत बड़ी संख्या में पंजीकृत व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे: स्ववित्त योजना/एम.आई.जी./एल.आई.जी./जनता/आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों आदि के लिए मकानों का निर्माण करता है। 1.4.98 को प्राप्तियों में मकानों का संक्षिप्त विवरण, वर्ष 1998– 99 के दौरान शुरू किए गए नए मकानों, और वर्ष 1998–99 के दौरान दि.वि.प्रा. द्वारा निर्मित किए गए मकानों का विवरण इस प्रकार है:

वास्तविक उपलब्धियां

	स्व.वित्त योजना	एम.आई.जी.	एल.आई.जी.	जनता	मिश्रित भूमि उपयोग	कुल	97–98	96–97
1. 31.3.98 तक निर्मित आवास	49093	59190	72806	77141	–	258230	254595	246852
2. 1.4.98 को निर्माणाधीन आवास	2122	2672	2680	3516	–	10990	13959 (1.4.97)	12324 (1.4.96)
3. 1998–99 के दौरान आवासों का निर्माण करने का लक्ष्य	2874	604	176	7116	–	10770	9968	17900
4. 1998–99 के दौरान हाथ में लिए गए/शुरू किए गए नए आवास	2020	1348	176	8908	–	12452	1122	9644
5. 1998–99 के दौरान आवासों के निर्माण का लक्ष्य	160	1234	1872	656	–	3922	3935	9900
6. 1998–99 के दौरान पूरे किए गए आवास	160	1234	2032	612	–	4038	3635	7743

7.2 व्यावसायिक केन्द्रों का विकास

वर्ष 1998-99 के दौरान 7 व्यावसायिक योजनाएं पूरी की गई।

दि.वि.प्रा. द्वारा विकसित और बेचे गए विभिन्न आवासीय/औद्योगिक परिसरों के निवासियों के लिए खरीददारी सुविधाओं तथा व्यावसायिक स्थान की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए दि.वि.प्रा. ने विभिन्न आकार के अनेक व्यावसायिक केन्द्रों की योजना बनाई है और उनका निर्माण किया है।

1.4.98 को निर्माणाधीन विभिन्न खरीददारी/व्यावसायिक परिसरों, 1998–99 के दौरान आरंभ किए गए/पूरे किए गए नव परिसरों की स्थिति निम्न प्रकार है:

वास्तविक उपलब्धियां

	जिला केन्द्र	समाज सदन	स्थानीय बाजार	सुविधा बाजार	कुल	1997–98	1996–97
1. 31.3.98 तक पूरे किए गए व्यावसायिक परिसर	6	24	114	417	561	547	538
2. 1.4.98 को निर्माणाधीन व्यावसायिक परिसर	7	5	6	4	22	22 (1.4.97)	20 (1.4.96)
3. 1998–99 के दौरान आरंभ करने के लक्ष्य के परिसर	–	3	6	7 +7जे.एम.	16 +7जे.एम.	17	13
4. 1998–99 के दौरान आरंभ की गई व्यावसायिक स्कीमें	–	1	1	3 +3जे.एम.	5 +3जे.एम.	14	12
5. 1997–98 के दौरान पूरी की गई व्यावसायिक स्कीमें	–	–	2	3 +2जे.एम.	5 +2जे.एम.	14	9

7.3 भूमि संबंधी योजनाओं का वृहद विकास

योजना के विभिन्न सैक्टरों/पॉकेटों में, जहां विकास कार्य चल रहा है, सड़कों, सीवर, जल आपूर्ति, जल निकास प्रणाली, बिजली जैसी विभिन्न सेवाओं की व्यवस्था अनुबंध–क में दी गई है।

7.3.1 द्वारका फेज–1 एवं 2

दक्षिणी–पश्चिमी दिल्ली में द्वारका (पप्पनकला) परियोजना लगभग 5648 हैक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और यह दिल्ली मुख्य योजना–2001 के प्रस्तावित शहरी विस्तार का भाग है। परियोजना के फेज–1 में पहले से अधिग्रहीत भूमि के 1862 हैक्टेयर क्षेत्र का विकास किया जाना निर्धारित है। परियोजना के दूसरे फेज में 2098 हैक्टेयर क्षेत्र के विकास की योजना बनाई गई है। इस परियोजना की योजना लगभग 10 लाख की आबादी को बसाने के लिए बनाई गई है। दिल्ली नगर कला आयोग ने इस योजना को सितम्बर, 1998 में ही अनुमोदन प्रदान कर दिया। फेज–2 के लिए कुल 2098 हैक्टेयर भूमि में से अब तक 1040 हैक्टेयर भूमि ग्रहण की गई है, जहां विकास कार्य चल रहे हैं। द्वारका फेज–2 की शेष भूमि अधिग्रहण के अधीन है और इसे वर्ष 1999–2000 के दौरान अधिग्रहीत करने की संभावना है। फेज–1 और 2 का विकास कार्य क्रमशः 2002 और 2004 में पूरा किए जाने का लक्ष्य है, जोकि फेज–2 में भूमि के अधिग्रहण पर निर्भर करेगा।

योजना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

क.	कुल स्थल क्षेत्र	5648 है.
ख.	फेज–1 क्षेत्र	1862 है.
ग.	फेज–2 क्षेत्र	2098 है.
घ.	क्षेत्र जिसका फेज–2 में अधिग्रहण किया जाना है	1084 है.
ङ.	कुल सहकारी समूह आवास समिति प्लाट	269 है.
च.	कुल निर्मित मकान	15630 है. (बिंदापुर सहित)

द्वारका में एस.एफ.एस. के दि.वि.प्रा. फ्लैट।

द्वारका में विस्तारणीय आवास।

इस योजना के विभिन्न सैक्टरो/पॉकेटों में, जहां विकास कार्य चल रहा है, वहां पर सड़क, सीवर, जल–आपूर्ति, जल निकास प्रणाली, बिजली जैसी विभिन्न सेवाओं की व्यवस्था करने की वर्तमान स्थिति अनुबन्ध "क" में दी गई है। उपराज्यपाल भी इस क्षेत्र में सेवाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। सेवाओं के विकास की प्रगति मुख्यतः और भमि के अधिग्रहण पर निर्भर करती है। इस कारण से कुछ सेवाओं को चालू करने में बाधा आ रही है।

7.3.2 नरेला

यह परियोजना दिल्ली के एकदम उत्तरी भाग में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 7282 हैक्टेयर है जिसमें 14 लाख जनसंख्या के लिए योजना बनाने के लिए एम.एन. एण्ड पी. के पार्ट जोन शामिल हैं।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विकास हेतु पूरक केन्द्र (काउन्टर सैन्टर) स्थापित करके शहरी दिल्ली पर दबाव कम करना है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पहले ही अधिग्रहीत लगभग 750 हैक्टे. भूमि पर इस परियोजना का विकास प्रारंभ किया है, जिसमें से 515.74 हैक्टे. भूमि क्षेत्र लगभग एक लाख जनसंख्या हेतु आवास प्रदान करने के लिए फेज–1 के अन्तर्गत विकसित किया जा रहा है। मुख्य योजना की सड़कों और बाह्य सड़कों का कार्य पूरा कर लिया गया है। नरेला में पूरे किये गए आवासों के लिए मल व्ययन, जल आपूर्ति और बरसाती नालों जैसी सेवाओं की भी व्यवस्था की गई हैं। नरेला परियोजना में सम्पूर्ण विकास कार्य मार्च, 2001 तक पूरा हो जाने की संभावना हैं।



जनकपुरी में दि.वि.प्रा. द्वारा विकसित रोया उद्योग भवन।

विकसित की जाने वाली 515.74 हैक्टे. भूमि के भूमि–उपयोग का विवरण निम्न है:–

	भूमि–उपयोग	क्षेत्र (हैक्टे. में)	प्रतिशत
1.	आवासीय	259.42	50.30
2.	व्यावसायिक	8.00	1.55
3.	सार्वजनिक और अर्ध–सार्वजनिक सुविधाएँ	60.92	11.80
4.	मनोरंजनात्मक	112.42	21.80
5.	परिचालन	65.90	12.78
6.	उपयोगिता	9.08	1.77
	कुल	515.74	100.00

इस स्कीम कें विभिन्न सेक्टरों/पाकिटों में, जहां विकास कार्य चल रहा है, सड़को, सीवर, जल आपूर्ति, नाले, विद्युत आदि विभिन्न सेवाओं की व्यवस्था की वर्तमान स्थिति अनुबंध – "क" में दी गई है।

7.3.3 धीरपुर

यह क्षेत्र आजादपुर सब्जी मंडी के निकट रिंग रोड, जी.टी. रोड के आसपास पड़ता है और माडल टाउन इत्यादि पॉश आवासीय कालोनियों से सटा हुआ है। यह हमारे किसी भी नये शहरी विस्तार क्षेत्र से अधिक निकट है। यह भूमि दि.वि.प्रा. के पास इस समय उपलब्ध सभी स्थलों में सर्वोत्तम है। 900 हैक्टे. भूमि में से 194.50 हैक्टे. के विकास हेतु प्रथम चरण में एक योजना तैयार की गयी है। इस योजना का क्षेत्रफल 194.50 हैक्टे. है और 40,000 जनसंख्या के लिए योजना बनाई गई है। धीरपुर क्षेत्र के ले–आउट प्लान में 4 मंजिले और कुछ बहु मंजिले आवासों के निर्माण की व्यवस्था है। यह योजना दिल्ली नगर कला आयोग द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। कुछ भूमि समस्याओं और परियोजनाओं की वित्तीय निर्धारण व्यवहार्यता के कारण विकास कार्य 1997–98 तक शुरू नहीं किया जा सका। बाह्य और आन्तरिक विकास कार्य अब आरंभ किये जा रहे हैं।

गाजीपुर में दि.वि.प्रा. प्लैट।

विकसित की जा रही 194.5 है. भूमि के भूमि–उपयोग का विवरण निम्न है:–

	भूमि–उपयोग		क्षेत्र(हैक्टे.में)
क.	योजना का सकल क्षेत्र		194.50
ख.	वर्तमान विकास क्षेत्र		38.18
	1. गोपाल पुर गांव		
	2. निरंकारी मंडल	9.56 हैक्टे.	
	3. गांधी विहार	15.00 हैक्टे.	
	4. 220 के.वी.विद्युत सब स्टेशन	9.30 हैक्टे.	
	कुल	4.32 हैक्टे.	
		38.18 हैक्टे.	
1.	योजनाबद्ध विकास हेतु निवल क्षेत्र		156.32
	कुल आवासी क्षेत्र		
	2. व्यावसायिक	115.69 हैक्टे.	
	3. सार्वजनिक एवं अंर्धसार्वजनिक सुविधाएं	5.50 हैक्टे.	
	4. मनोरंजन	15.40 हैक्टे.	
	कुल	19.73 हैक्टे.	
		156.32 हैक्टे.	

कार्यों के विकास की वर्तमान स्थिति अनुबंध "क" में दी गई है।

7.3.4 रोहिणी

क) **रोहिणी फेज–1 एवं 2 (सेक्टर 1 से 19 तक)**

(2400 हैक्टे. – जिसमें से 1756 हैक्टे. विकास हेतु उपलब्ध है)

रोहिणी फेज–1 (सेक्टर–1 से 8 तक) और फेज–2 (सेक्टर–9 से 19 तक) पूरी तरह विकसित कर दिया गया है और यह अधिकांशतः पूरी तरह बसा हुआ है। फेज–1 एवं फेज–2 में सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हैं।

जिला पार्क और नगर केन्द्र सहित जिला केन्द्र और समुदायिक केन्द्र स्तर का व्यावसायिक कार्य किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:

क) सेक्टर–3 में जिला केन्द्र का विकास किया जा रहा है।

ख) सेक्टर–3,8,9 एवं 14 में प्रत्येक में एक–एक सामुदायिक केन्द्र सम्मिलित करके 4 समुदाय केन्द्रों का विकास किया जा रहा है।

ग) वोट क्लब, जापानी गार्डन और बच्चों के खेल–कूद क्षेत्र जैसी सुविधाओं के साथ 100 हैक्टे. भूमि के जिला पार्क अर्थात् स्वर्ण जयंती पार्क का विकास किया जा रहा है।

घ) उपर्युक्त जिला पार्क के निकट ही 63 हैक्टे. क्षेत्र में एक नगर केन्द्र भी विकसित किया जा रहा है।

निम्न व्यावसायिक भूखण्डों के 31.3.99 तक उपलब्ध होने की संभावना है:

1. रोहिणी, सेक्टर–3 में समुदाय केन्द्र के तीन भू–खण्ड।
2. मंगलम प्लेस, सेक्टर–3, रोहिणी में एक सिनेमा हॉल और एक कार्यालय एवं दुकानों हेतु दो –भू–खण्ड।
3. प्रशान्त विहार, रोहिणी में सिनेमा हॉल, के लिए एक भू–खण्ड।

कार्यों के विकास की वर्तमान स्थिति अनुबंध "क" में दी गई है।

ख) **रोहिणी फेज–3: (सेक्टर 20 से 25 तक)**

रोहिणी सेक्टर–3,700 हैक्टे. क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 1,58,000 जनसंख्या रह सकेगी और विभिन्न आवासीय/भू–खण्डीय विकास और रिहायशी योजना के अन्तर्गत 31,600 आवासीय इकाईयों की व्यवस्था की जाएगी। परिधीय मल–व्ययन, जल आपूर्ति और नाले के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। बाह्य सड़के मार्च–2000 तक पूरी हो जाने की संभावना है। फेज–3 में जल आपूर्ति संबंधी भण्डारण सुविधा प्रदान करने के लिए सेक्टर–23 में 7.50 एम.जी. क्षमता के मुख्य टैंक का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है और जून 99 तक इसके पूरे जो जाने की संभावना है।

ग) कार्यों के विकास की वर्तमान स्थिति अनुबंध "क" में दी गई है।

रोहिणी फेज–4

विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति प्लाटों के आबंटन के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्हें आवास प्रदान करने के लिए 835 हैक्टे. भूमि अधिग्रहीत करने का प्रस्ताव अधिसूचना/अधिग्रहण की अन्तिम अवस्था में है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा–4 के अन्तर्गत लगभग 160 हैक्टे. भूमि अधिसूचित की जा चुकी है, जिसके लिए राशि पहले ही जमा कर दी गई है और दि.वि.प्रा. द्वारा लगभग 70 हैक्टे. भूमि का कब्जा ले लिया गया है। शेष भूमि पर प्रहलाद रेजीडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन बनाम भारत संघ का एक मामला न्यायालय में है। कुछ स्थायी ढांचे भूमि पर मौजूद हैं।

7.3.5 वसन्त कुंज फेज–1 एवं 2

वसन्त कुंज परियोजना दिल्ली के बिल्कुल दक्षिण में स्थित है। यह परियोजना दो चरणों में विकसित की गई है।

क) **वसन्त कुंज फेज–1**

वसन्त कुंज फेज–1 उत्तर में घिटोरनी, रंगपुरी आदि ग्रामीण, दक्षिण में जे.एन.यू., लिंक रोड और पूर्व में महिपालपुर गांव और पश्चिम में अरविन्द मार्ग जैसे क्षेत्र से घिरा हुआ है। परियोजना कुल 381.45 हैक्टे. क्षेत्र में है और कुल 1,15,000 जनसंख्या को बसाने का अनुमान लगाया गया है। फेज–1 का विकास हो गया है। 13600 आवास पूरे कर लिए गए हैं और आवंटित कर दिये गये हैं / आवंटित किये जा रहे हैं।

ख) **वसन्त कुंज फेज–2**

वसन्त कुंज फेज–2, वसन्त कुंज फेज–1 के दक्षिण में स्थित है और उत्तर में वसन्त कुंज फेज–1, दक्षिण में वसन्त विहार, पूर्व में पहाड़ी (सुरक्षित वन) और पश्चिम में जे.एन.यू. से घिरा हुआ है। इस परियोजना में 315 हैक्टे. भूमि है।

विकास की स्थिति

सामाजिक और भौतिक आधारिक संरचना:

4 और 5 सितारा होटलों के अन्तर्राष्ट्रीय होटल काम्प्लेक्स, शापिंग माल, सांस्थानिक, आवासीय, मनोरंजनात्मक सुविधाएं आदि के विकास की योजना बनाई गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने संपूर्ण 315 हैक्टे. क्षेत्र पर संभी निर्माण कार्य कलापों पर रोक लगा दी है, लेकिन बाद में जारी की गई 92 हैक्टे. भूमि पर आरंभिक योजना के अनुसार निर्म्राण कार्य चल रहा है। पांच सितारा होटल, शापिंग माल अन्तराष्ट्रीय स्तर की, सांस्थानिक क्षेत्रों हेतु भू–खण्ड के रूप में आवासीय, व्यावसायिक, सांस्थानिक और मनोरंजनात्मक सुविधाओं को समाविष्ट करके यह 92 हैक्टे. भूमि का क्षेत्र संयुक्त रूप से निरूद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, जिसका कुछ भाग योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नेशनल बुक ट्रस्ट, बिड़ला अकादमी जैसी संस्थाओं को पहले ही आवंटित है। पांच सितारा होटल परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इस क्षेत्र में अनुमानित जनसंख्या 60,000 है।

विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति अनुबंध–ए में दी गई है।

7.3.6 जसोला

यह योजना दक्षिणी दिल्ली में स्थित है। इसमें 163.87 हैक्टे.भूमि शामिल है और यह योजना 40,000 आबादी हेतु बनाई गई है। जनवरी, 97 में भूमि के कुछ टुकड़ों को "कोर्ट स्थगन" से मुक्त करा लिया गया है। वर्ष 1999 के दौरान विकास कार्यों को पूरा किया जाना है।

विकास कार्यों की विद्यमान स्थिति अनुबंध–ए में दी गई है।

7.3.7 सूर स्नान घाट

वजीराबाद पुल और नजफगढ़ ड्रेन के मिलन स्थल के बीच सूर स्नान घाट हेतु स्थल का चयन किया गया है। उक्त घाट हेतु यह एक आदर्श स्थल है, इसमें औद्योगिक इकाईयों से आनी वाली गंदी नीजों से प्रदूषित होने की कोई सम्भावना नहीं है।

कार्य प्रगति पर है और यदि भूमि पर से खसरा सं. 98 के अन्तर्गत स्थगन आदेश रिक्त करा लिया जाता है तो वर्ष 1999 के दौरान कार्य पूरा किए जाने की संभावना है।

अनुबन्ध "ए"

दि.वि.प्रा., दिल्ली नगर के अन्तर्गत, रोहिणी, द्वारका और नरेला आदि जैसे उपनगरों के विकास कार्य को जारी रखे हुए है। कुछ प्रमुख विकास योजनाओं का ब्यौरा निम्न प्रकार है:

क. योजनाओं में व्यवस्था की जाने वाली सर्विस की कुल लम्बाई।
ख. दिनांक 31.3.97 तक व्यवस्था की जाने वाली सर्विस।
ग. दिनांक 31.3.98 तक व्यवस्था की जाने वाली सर्विस।
घ. दिनांक 31.3.99 तक व्यवस्था की जाने वाली सर्विस।

योजनाओं के नाम	योजना का क्षेत्रफल हैक्टेयर में		आधारिक संरचना की वास्तविक उपलब्धि				
			सड़क कि.मी. में	सीवरेज कि.मी. में	जलापूर्ति कि.मी. में	बरसाती पानी ड्रेन कि.मी में	विद्युत
1. द्वारका क) फेज–1	1862	क	80.74	59.30	57.56	188.45	डी.वी.बी. कार्य प्रगति पर है।
		ख	80.74	58.00	55.00	24.00	
		ग	80.74	58.00	55.00	120.00	
		घ	80.74	59.00	57.56	145.00	
ख) फेज–2 (उपलब्ध भूमि)	2098 / 1014	क	42.00	19.00	8.00	25.00	डी.वी.बी. कार्य प्रगति पर है।
		ख	25.00	4.00	–	3.60	
		ग	25.00	10.00	–	11.00	
		घ	30.00	11.00	2.00	15.00	
2. नरेला	7282 / 750	क	33.00	33.00	33.00	79.00	डी.वी.बी. कार्य प्रगति पर है
		ख	33.60	32.00	20.50	30.00	
		ग	33.60	32.00	26.00	55.00	
		घ	33.60	32.00	26.00	55.00	
3. धीरपुर	194.5	क	5.60	6.00	6.00	10.00	
		ख	2.00	–	–	–	
		ग	2.00	–	–	–	
		घ	2.00	–	–	–	
4. रोहिणी क) फेज–1व2	2400 / 1756	क	300.00	105.00	148.00	67.00	पूरा हो गया
		ख	300.00	105.00	148.00	67.00	
		ग	300.00	105.00	148.00	67.00	
ख) फेज–3	1000 / 700	क	168.00	26.60	55.00	83.00	डी.वी.बी. कार्य प्रगति पर है
		ख	153.00	26.60	55.00	83.00	
		ग	153.00	26.60	55.00	83.00	
		घ					
5. वसन्त कुंज फेज–2	315 / 92	क	3.90	–	–	–	सर्विस प्लान दि.न.नि. का प्रस्तुत किया गया वर्ष 1999–2000 में 92 हेक्ट. भूमि के विकास कार्य किए जाएंगे
		ख	3.20	–	–	–	
		ग	3.20	–	–	–	
		घ	7 कि.मी. हिस्से का अतिक्रमण कर लिया गया	–	–	–	
6. जसोला	163.87	क	17.25	14.50	19.40	15.00	
		ख	4.15	2.65	2.00	–	
		ग	9.25	4.00	7.00	8.00	
		घ	11.15	10.00	15.25	11.00	

7.4 खेल परिसर सहित विशेष परियोजनाएं

दि.वि.प्रा. ने विकास के रूप में काफी संख्या में विशेष परियोजनाएं ओर नगर स्तर पर सुविधा व्यवस्था का कार्य आरम्भ किया है। वर्ष 1998–99 के दौरान दि.वि.प्रा. ने दिल्ली के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष/बड़ी परियोजनाएं पूरी की हैं।/आरम्भ की हैं।

7.4.1 विशेष बड़ी परियोजनाएं

विशेष बड़ी परियोजनाएं, जो प्रगति पर हैं:–

1) यमुना नदी के साथ सूर स्नान घाट।
2) भलेसवा लेक परिसर का विकास।
3) रोहिणी में सेक्टर–9 एवं 11 के मध्य जिला पार्क।
4) टीकरी कलां में पी.वी.सी. मार्किट।
5) यमुना खेल परिसर।

7.4.2 विभिन्न खेल परिसरों में परियोजनाएं

क) जो वर्ष 1998–99 के दौरान पूरी की गई:

1) सरिता विहार में मल्टीजिम।
2) रोहिणी खेल परिसर में कवर्ड बैडमिन्टन हॉल।
3) सीरी फोर्ट खेल परिसर में क्रिकेट अभ्यास पिच।
4) पश्चिम विहार खेल परिसर में स्केटिंग रिंक।
5) पीतमपुरा खेल परिसर में प्रशासन ब्लाक, वॉली बॉल कोर्ट, बेडमिन्टन कोर्ट, स्कैंटिंग रिंक, टेनिस कोर्टस, बॉस्केट बॉल कोर्ट, प्लानटर्स एवं ट्यूब वेल।
6) साकेत खेल परिसर में स्कवेश कोर्ट बिल्डिंग।
7) यमुना खेल परिसर में तीन नम्बर सिन्थेटिक सर्फेस टेनिस कोर्टस, स्केटिंग रिंक, जॉगिंग ट्रैक, एथलेटिक ट्रैक एवं क्रिकेट पिच कृत्रिम क्लाइम्बिंग वाल और भवन सुविधा।
8) हरिनगर खेल परिसर में जॉगिंग ट्रैक।
9) बसन्त कुंज के सैक्टर–डी, पाकेट–2 खेल परिसर में किक्रेट पिच, ट्यूबवैल एवं चारदीवारी।
10) बसन्त कुंज के सैक्टर–डी, पाकेट–2 एवं 3 खेल परिसर में बैडमिन्टन कोर्ट, टेनिस कोर्टस एवं ट्यूब वैल।
11) लाडो सराय, पब्लिक गोल्फ कोर्स में भूमिगत टैंक सब–स्टेशन बिल्डिंग एवं पार्किंग सुविधा।

ख) वर्ष 1998–99 के दौरान परियोजनाएं प्रगति पर

1. सीरी फोर्ट खेल परिसर में कवर्ड बैडमिन्टन हॉल।
2. अशोक विहार खेल परिसर के सामने खेल मैदान।
3. लाडो सराय में गोल्फ कोर्स।
4. बसन्त कुंज में खेल परिसर।
5. प्रताप नगर पार्क में मल्टीजिम
6. फैज रोड के समीप मल्टीजिम।
7. हर्ष विहार जिला पार्क में मल्टीजिम
8. रोहिणी, सैक्टर–14 में मल्टीजिम।
9. कल्याण विहार में मल्टी–जिम।
10. जसोला में खेल परिसर।
11. पीतमपुरा, टी.वी.टावर के समीप खेल परिसर।
12. चिल्ला में खेल परिसर।
13. द्वारका में खेल परिसर।

मल्टीजिम के पास विकसित खेल मैदानों में से एक में जारी बास्केट बॉल मैच।

7.5 उद्यान कार्य का विकास/रखरखाव

दि.वि.प्रा. ने नगर के मध्य में हरित क्षेत्र के विकास पर जोर डाला है। दि.वि.प्रा. देश के किसी भी नगर की तुलना में हरित क्षेत्र को सर्वोत्तम बनाने का गौरवपूर्ण दावा कर सकता है। दि.वि.प्रा. ने लगभग 16,000 एकड़ में हरित क्षेत्रों का विकास किया है जिसमें नगर वन/जंगल, हरित पट्टी, जिलापार्क, जोनलपार्क, नेबरहुड पार्क और आवासीय कालोनियों के टॉट–लाट्स सम्मिलित हैं।

	वर्ष	वृक्षारोपण (लाखों में)		नए लान्स का विकास (एकड़ों में)		बच्चों के पार्कस/चिल्ड्रेन कार्नर का विकास (संख्या में)	
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
1.	1996–97	5.00	6.35	160	140.00	16	11
2.	1997–98	7.50	5.90	172	126.50	8	15
3.	1998–99	4.30	4.78	158	145.50	22	19

7.6 विशेष उपलब्धियाँ/अभियान

क) **दि.न.नि. को सेवाएं सुपुर्द करना**

दि.न.नि. को 382 विकसित कालोनियों की सेवाएं चरणबद्ध रूप में सुपुर्द की जानी हैं। इन कालोनियों में से 91 कालोनियों की सेवाएं मार्च, 98 तक पहले ही दि.न.नि. को सुपुर्द की जा चुकी हैं। दिसम्बर, 1998 तक दि.न.नि को और 84 कालोनियों की सेवाएं सुपुर्द की जा चुकी हैं और जून, 1999 तक दि.न.नि. को शेष कालोनियों की सेवाएं सुपुर्द किए जाने की सम्भावना है।

ख) **नयी योजनाएं हेतु अनुमोदित अनुमान**

नए निर्माण और दि.वि.प्रा. में विकास कार्यों हेतु सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निम्नानुसार अनुमानों को अनुमोदित कर दिया गया है:

वर्ष 1996–97 के दौरान : 354 करोड़ रू.
वर्ष 1997–98 के दौरान : 195 करोड़ रू.
वर्ष 1998–99 के दौरान : 320 करोड़ रू.

7.7 नए विकासशील क्षेत्र

7.7.1 फ्लाई ओवर

आबादी वृद्धि (स्थानीय तथा बाहरी) के साथ और आटो उद्योग में आत्म निर्भरता उपलब्धि के कारण सड़कों पर यातायात में वृद्धि हुई है। रिंग रोड जैसी व्यस्त आन्तरिक सड़कों के क्रासिंग पर संकीर्ण यातायात के कारण उपभोक्ता को काफी असुविधा होती है। इसके अलावा, यह प्रदूषण स्तर को बढ़ाता है और ईंधन खपत बेकार होती है। माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली ने इच्छा व्यक्त की है कि दि.वि.प्रा. फ्लाईओवर्स का निर्माण करे और यातायात समस्या कम करे। निम्नलिखित फ्लाईओवर्स दि.वि.प्रा. को नियत किए गए हैं:

1. वजीराबाद रोड – रोड सं. 66
2. विकास मार्ग – रोड सं. 57
3. एन.एच. 24 – नोएडा क्रासिंग
4. जेल रोड/मायापुरी रोड़ क्रासिंग
5. रिंग रोड – रोड सं. 41
6. नेल्सन मंडेला मार्ग – महरौली महिपालपुर रोड
7. एन.एच. 2 – रोड सं. 13–ए।

उपर्युक्त 7 फ्लाई ओवरों का कार्य दिया गया है। सभी 7 फ्लाई ओवर्स के अवधारणात्मक योजना दि.वि.प्रा. की तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित कर

7 फ्लाई-ओवरों का कार्य दिया गया।

दी गई है और इन परियोजनाओं के अनुमोदन हेतु दिल्ली नगर कला आयोग को पहले ही मामले को भेज दिया गया है। दि.न.क.आ. के अनुमोदन की कार्यवाही प्रगति पर है।

7.7.2 यमुना नदी तट का विकास

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में यमुना नदी की लम्बाई का लगभग 50 प्रतिशत लम्बाई विद्यमान में शहरी सीमा में है और शेष दिल्ली ग्रामीण क्षेत्र की चौड़ाई किनारों के बीच 1.5 कि.मी. से 3 कि.मी. तक है। नदी तट का क्षेत्र 9700 हेक्टेयर है। दि.वि.प्रा. ने बाढ़ क्षेत्र की आवश्यकता पर विचार करते हुए नदी तट का विकास करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है। सी.डब्ल्यू.पी.आर. एस. पूना द्वारा एक करोड़ रू की लागत का अध्ययन किया गया है, जो दर्शाता है कि लगभग 4600 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र पर पुनः दावा किया जा संकता है और लघु व्यावसायिक घटक, आवासीय, अर्ध सार्वजनिक सुविधाएं और सरकारी कार्यालयों के अलावा विभिन्न मनोरंजात्मक उद्देश्य हेतु विकास किया जा सकता है। दि.वि.प्रा. की बैठक में सी.एस.आर.आई. की एक इकाई एन.ई.ई.आर.आई. के निर्णय पर मामले पर चर्चा भी की गई और प्रस्तावित विकास के वातावरणीय प्रभाव निर्धारण को जारी रखने हेतु कहा गया। आरंभिक रिपोर्ट हाल में प्राप्त की गई है। उपाध्यक्ष महोदय ने जांच करने हेतु एक समिति गठित की है और इस समिति से अपनी सिफारिश देने का कहा है।

कूड़ा-करकट निपटान के लिए वैकल्पिक स्त्रोत का पता लगाने का कार्य प्रारम्भ किया गया।

7.7.3 कूड़ा–कचरा प्रबन्ध

दिल्ली नगर के अधिक से अधिक उपयोग ओर आबादी वृद्धि के कारण कूड़ा–कचरा का प्रबन्ध एक प्रमुख समस्या हो गया है। कूड़ा–कचरा के निपटान हेतु यह पहले से चिह्नित सभी स्थान भर गए हैं। अतः यह आवश्यक हो गया है कि कूड़ा–कचरा के निपटान हेतु कोई वैकल्पिक स्त्रोत का पता लगाया जाए। कई एजेन्सियां अपने–आपको कूड़ा कचरा प्रबन्ध हेतु नई तकनीक के साथ पेश कर रहे हैं।

7.7.4 झुग्गी–निवासियों पुनः नियतन एवं धारक क्षेत्रों का विकास

विद्यमान में विभिन्न स्थलों पर झुग्गी समूहों के स्थान की व्यावसायिक संभावनाएं बहुत हैं। दि.वि.प्रा. के प्रबन्ध के अन्तर्गत, ऐसा निर्णय किया गया है कि इन झुग्गी वालों को अनेक क्षेत्र के अन्तर्गत अथवा कहीं अन्यत्र उनके आश्रय की व्यवस्था की जाए। माननीय उपराज्यपाल ने एक कमरे के 10000 मकान निर्माण करवाने हेतु फेज–1 में किए जाने हेतु अनुमोदन कर दिया है और जो जून, 1999 में पूरा कर दिया जाएगा। निर्माण कार्य में तैजी लाने हेतु और कोटि में सधार करने हेतु आंशिक रूप से पूर्व निर्मित प्रीफैब तकनीक का उपयोग करने का विचार किया गया। इसके अतिरिक्त अपात्र झुग्गी निवासियों को हटाने हेतु धारक क्षेत्र स्थलों को योजित एवं विकास किया जा रहा है।

7.7.5 बहु–मंजिली कार पार्किंग

अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग समस्या के समाधान करने हेतु ऐसा निर्णय लिया गया है कि नेहरू प्लेस क्षेत्र, बहाई और इस्कोन मन्दिर के समीप बहु–मंजिली पार्किंग प्रणाली की मुख्य परियोजना को आरंभ किया जाए। इनके कार्य पर्यवेक्षण के पश्चात, ऐसे पार्किंग स्थल अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाए जा सकते हैं।

7.7.6 जनता मार्किट

रेहड़ी वाले निम्न एवं मध्य वर्ग क्षेत्रों की मांग की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्हें चलाने के लिए, वे सड़क किनारे फुटपाथ आदि पर कब्जा कर लेते हैं अतः यातायात एवं पैदल चलने वालों के लिए कठिनाई पैदा करते हैं। समाज के आवश्यक अंग होने के नाते, ऐसा निर्णय लिया गया है कि उनके लिए प्रत्येक कालोनी में उपयुक्त स्थान को विकसित किया जाए। ऐसे कार्य हेतु सड़क किनारे से सभी रेहडी वाले हटाये जाए ओर कार्य की अवधि इन क्षेत्रों में नियमित की जाए। ऐसे सभी आरक्षित स्थान जनता मार्किट के रूप में चिह्नित किए जाएं। प्रयोग के आधार पर आरंभिक तौर पर 30 स्थलों को चिह्नित किया गया है। पीतमपुरा में एक का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और चल रहा है। यह बहुत ही सफल साबित हुआ है। पूर्वी क्षेत्र में एक, रोहिणी क्षेत्र में एक जनता मार्किट पूरा हो गया है और एक जनता मार्किट निर्माणाधीन है।



जनता मार्किट का एक दृश्य।

7.7.7 मनोरंजन पार्क

दि.वि.प्रा. द्वारा विकास किए जा रहे हैं। दक्षिण–पश्चिम दिल्ली के द्वारका में गति प्रदान करने हेतु ऐसा निर्णय लिया गया है कि एक मनोरंजन पार्क का विकास किया जाए, ताकि उप–नगर के विकास में एक आकर्षण बिन्दु बन सके। एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया और प्राधिकरण के सदस्य विभिन्न नगरों के चारों तरफ जा चुके हैं और स्वयं देख चुके हैं। इस मामले में जैसे ही उनके विचार प्राप्त होंगे मनोरंजन केन्द्रों के विकास की कार्रवाई आरंभ की जायेगी।

7.7.8 पूर्व निर्मित (प्रीफैब) तकनीकें

पूर्व निर्मित (प्रीफैब) तकनीकें विश्व में विशेष रूप से आवासीय परिसर में भारी सफलता के साथ होलो ब्लाक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इस तरह के निर्माण में कोटि, विभिन्नता, मजबूती और गति जैसे बहुत लाभ होते हैं। दिल्ली जैसे क्षेत्र में जहां ईट की कोटि संतोषजनक नहीं है, दि.वि.प्रा. जो एक एजेंसी के रूप में विशाल मकान निर्माण कार्यक्रम में व्यस्त हैं, वह गंभीरता पूर्वक इस तकनीक का उपयोग करने पर विचार कर रहा है।

वसंत कुंज में होलो–ब्लाक प्रौद्योगिकी से निर्मित मास्टल फ्लैट।

साधारणतया निर्माण के अलावा, इस प्रकार की तकनीकी नालीदार पाइपें लाइन्स, टेलीफोन के साथ–साथ विद्युत कनेक्शन देने में सुविधा प्रदान करती है। वे ताप निरोधक और जहां–कहीं हमें कार्नर जैसे कुछ जोन में स्टील बार और गंभीर लोडिंग, रेत भरने में लचीलापन, सीमेन्ट मोर्टार अथवा कंक्रीट में भी सुविधा होगी। अतः गरम्मत और सुधार में आसानी होगी। दि.वि.प्रा. ने बसन्त कुंज में होलो ब्लाक तकनीकी इरतेमाल करते हुए फ्लैट्स के कुछ नमूना पेश किया है। जिसे अनुसंधान संस्थान और जनता द्वारा स्वीकार किया गया है।

7.7.9 तैयार ठोस (रेडीमिक्स कानक्रिट प्लांट) मिश्रण प्लांट

तकनीक के उत्थान के हिस्से के रूप में, दि.वि.प्रा. ने एक मिश्रण ठोस प्लांट लगाने का प्रस्ताव किया है। उपराज्यपाल, दिल्ली द्वारा पहले ही आर.एम.सी.प्लांट को अनुमोदित कर दिया गया है। सैक्टर 20, द्वारका में 1.9 हेक्टेयर भूमि पर एक आर.एम.सी. प्लांट स्थापित करने हेतु प्रस्ताव किया जा रहा है और जो तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है।

आर.एम.सी. प्लांट निजी उद्योगपति द्वारा स्थापित किया जायेगा, जिन्हें दि. वि.प्रा. पट्टा आधार पर भूमि आवंटित करेगा ओर 5 वर्षों की अवधि हेतु लाइसेंस प्रदान करेगा। निजी उद्योगपति राहगति- दर पर तैयार ठोस मिश्रण को, दि. वि.प्रा. कार्य हेतु आपूर्ति करेगा और बाजार में शेष भाग को बेचेगा। नगर में आर.एम.सी.प्लांट आरंभ होने से लगातार गुणवत्ता और कंक्रीट मजबूती में सुनिश्चितता मिलेगी। कुल मिलाकर इससे सड़क रूकावट कम होगी। पडोस

में और पैदल गुजरने वालों के लिए ध्वनि प्रदूषण को दूर करेगा। इससे कंक्रीट की बर्बादी कम होगी। यह गुणवत्ता को लगातार सुनिश्चित करेगा और श्रमिक बल की कम आवश्यकता होगी। इस प्रकार नगर का अधिक झुग्गी समूह के निर्माण से बचायेगा, क्योंकि देश के अन्य भाग से जो मजदूर यहां कार्य की तलाश में आते हैं, अन्ततः यहीं बस जाते हैं।

स्वर्ण जयन्ती पार्क विकसित करने के लिए रोहिणी के सैक्टर 9 और 11 में 100 हैक्टेयर हरित क्षेत्र के विकास के लिए भू-दृश्य योजना को अंतिम रूप दिया गया।

7.7.10 **गोल्डन जुबली पार्क**

दि.वि.प्रा. द्वारा रोहिणी के सैक्टर 9 एवं 11 नगर केन्द्र में भू–दृश्यांकन योजना हेतु 100 हेक्टेयर में हरित क्षेत्र का विकास करने हेतु अनुमोदित किया गया। पार्क के विकास में मनोरंजन सुविधाओं सहित झील, अनेक फव्वारों वाले उद्यान, चिल्ड्रन पार्क, प्रदर्शन ग्राउंड, रेस्तरां, पिकनिक हट, झीलों के साथ जापानी उद्यान वोट क्लब आदि की संख्या को ध्यान में रखना शामिल है। दिनांक 14.11.97 को माननीय उप–राज्यपाल ने नींव रखी है इसके अतिरिक्त यह पार्क परिधीय नालियों से घिरा हुआ है और इन झीलों में बरसाती पानी को निकालने हेतु काम किया जा रहा है ताकि साल भर पानी भरा रहे। विकास के बहुत अधिक कार्य आरंभ किए गए हैं ओर प्रगति पर है।

7.7.11 **पी.वी.सी. मार्किट, टिकड़ी कलां**

पी.वी.सी. मार्किट को संगठित करने हेतु दि.वि.प्रा. द्वारा मंगेशपुर के समीप टिकड़ी कलां में 250 एकड़ भूमि में ड्रेन को विकसित किया गया है। आउटफाल ड्रेन की व्यवस्था करने हेतु लगभग 0.85 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण करने के अन्तर्गत है। एक सीवरेज पम्पिंग स्टेशन निर्माणाधीन है जो एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। प्लाट के आबंटितियों ने अभी तक अपने प्लाट पर निर्माण आरंभ नहीं किया है। वेयर–हाउसिंग / व्यावसायिक / लघु उद्योग सहित 2738 प्लाट्स में से 623 प्लाटस (40–45 वर्ग मी) पहले ही विद्यमान ज्वाला हेड़ी वालों को आबंटित किये गये हैं और 225 आवंटितियों को कब्जा भी दे दिया गया है।



जमरूदपुर में दि.वि.प्रा. पुष्प प्रदर्शनी का एक दृश्य

उत्तरी रिज का एक दृश्य।

8. वास्तुकला एवं योजना

दिल्ली विकास प्राधिकरण का एक उद्देश्य योजना के अनुसार दिल्ली की योजना बनाना और उसका विकास करना है। अतः दि.वि.प्रा. का एकमूल उद्देश्य योजना बनाना है। वास्तुकला एवं योजना विभाग योजना तैयार करने और योजना कार्यवाही को कार्यान्वित करने में विभिन्न दीर्घावधि एवं अल्पावधि मार्गनिर्देशों को निर्धारित करने के लिए भी उत्तरदायी है। दि.वि.प्रा. के योजना एवं वास्तुकला विभाग की वर्ष के दौरान उपलब्धियां निम्नानुसार है।

8.1 **योजना**

8.1.1 **विकास नियंत्रण एवं भवन इकाई**

विकास नियंत्रण

क) **मुख्य योजना इकाई**

तकनीकी समिति की 14 बैठकें आयोजित की गई और तकनीकी समिति की बैठकों के निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

प्राधिकरण की 3 बैठकें आयोजित की गई और अनुवर्ती कार्रवाई को मॉनीटर किया जा रहा है। आपत्तियां / सुझाव आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक सूचनाएं जारी करना और भूमि उपयोग मामलों / दिल्ली मुख्य योजना–2001 में संशोधन के लिए शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना तथा मंत्रालय संदर्भ तैयार करना आदि।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 1962 में पहली मुख्य योजना बनाई थी। यह 1990 में 2001 तक के परिप्रेक्ष्य में संशोधित की गई।

ख) **क्षेत्रीय / विकास नियंत्रण इकाई**

ग्रामीण विकास योजनाओं हेतु मार्ग निर्देश तैयार किये गये और उन्हें अंतिम रूप दिया गया। जोन "एल" के लिए क्षेत्रीय विकास योजना का मसौदा तैयार किया गया और तकनीकी समिति से अनुमोदित कराया गया।

विकास संहिता दिल्ली मुख्य योजना–2001 से संबंधित संदर्भ की संवीक्षा एकीकृत भवन उपविधि–1998 को अंतिम रूप देने के लिए शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय को सहयोग देना।

गैस गोदाम स्थलों से संबंधित समन्वय कार्य और जोन ई, एफ एवं सी की क्षेत्रीय योजना की प्रिंटिंग।

ग) **नीति मामला संबंधी इकाई**

जोन डी के लिए ड्राइंग प्रेजेंटशन, चार्ट, 3–डी कम्प्यूटराइज्ड माडल तैयार करना।

सार्वजनिक / अर्ध–सार्वजनिक सुविधाओं, नर्सिंग होम, गेस्ट हाउस, बैंक, बैंकट हाल, मोटल, प्राइवेट डिवेल्पर्स को सम्मिलित करना, विभिन्न अन्य मामलों आदि के लिए दि.वि.प्रा. के योजना विभाग से संबंधित नीति विषयक मामलों हेतु अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

8.1.2 **भवन**

- विभिन्न उपयोग जोन के नेमी भवन परमिट भवन उपविधि, 1983 के अनुसार जारी किये गये।
- सिटीजन चार्टर का पालन किया जा रहा है।
- दिल्ली नगर निगम को फाइलों के हस्तांतरण का कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है।
- वर्ष के दौरान जारी किये गये भवन परमिटों की स्थिति निम्नानुसार है:

1.	भवन नक्शे की मंजूरी एवं पुनवैधीकरण	2462
2.	जारी किये गए "सी" फार्म	0620
3.	जारी किये गये "डी" फार्म	2024
4.	जारी किये गये अधिभोग प्रमाण–पत्र	0235

भवन अनुभाग में अप्रैल, 98 से फरवरी, 99 तक प्राप्त किया गया कुल राजस्व 2,94,69,047.00 रूपये है।

योजना 2001 की समीक्षा और 2021 के लिए दिल्ली मुख्य योजना की तैयारी का कार्य प्रारम्भ किया गया।



8.1.3 क्षेत्र योजना इकाई

- जोन "बी", "सी" का श्रव्य–दृश्य प्रस्तुतीकरण ओर शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय हेतु जोन "एफ" की प्रजेंटेंशन ड्राइंग।
- जोन ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी एवं एच में सी.एन.जी. स्थलों का निर्धारण एवं उनके लिए योजना तैयार करना।
- जोन "ई" को अन–अधिसूचित करना।
- जोन ए, बी, एवं ई में सुरक्षित रखे जाने वाले/अन–अधिसूचित किये जाने वाले क्षेत्र का विकास।
- जांचसमिति से सुविधा केन्द्र–2, चिल्ला दल्लूपुरा एवं सेवा केन्द्र–1 अनुमोदित
- दल्लुपुरा में सुविधा केन्द्र, एफ सी–26, एस सी–11, ताहिरपुर में एफ सी–10, सी बी डी, शाहदरा में एफ सी–13, जसोला में एफ सी–33 ओर गीता कालोनी स्थित सुविधा केन्द्र के लिए ले आउट प्लानों को अंतिम रूप देना।
- जोन ए, बी एवं सी की क्षेत्रीय योजनाएं शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय को प्रस्तुत करना।
- शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालय की सिफारिशों के अनुसार जोन "सी" हेतु की गई कार्रवाई रिपोर्ट।
- जांच बोर्ड की सिफारिश के अनुसार जोन "एच" के लिए कार्य रिपोर्ट तैयार करना।
- विभिन्न जोनों में विभिन्न खाली पड़ी हुई पॉकेटों के लिए ले आउट प्लॉन तैयार करना।
- गली नं. 10 आनन्द पर्वत में ओ.सी.एफ. पाकेट, एच ब्लॉक, विकास पुरी, एयर पोर्ट अपार्टमेंट में ओ.सी.एफ. और विकास पुरी सोसायटी क्षेत्र में सी.एस.।
- आनन्द पर्व औद्योगिक क्षेत्र का संकल्पनात्मक प्लान।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में उद्योगों के लिए उच्चतम न्यायालय के आदेश/निर्णयों के अनुसार समन्वय एवं अनुवर्ती कार्रवाई।
- मार्बल व्यापारियों को भूमि के आबंटन हेतु मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेस–2 के ले–आउट प्लान का संशोधन।
- आबंटन हेतु भेजे गये 3 पुलिस स्टेशन स्थलों के प्लान।
- एकीकृत भाड़ा परिसर हेतु भूमि के निपटान के अनुसार भूमि के विकास एवं व्यापक नेटवर्क के मानकों से संबंधित नीति।
- तकनीकी समिति द्वारा वजीराबाद के उत्तर में फायरिंग रेंज (10 एकड़) हेतु भूमि का आबंटन।

8.1.4 शहरी विकास परियोजनाएं, ग्रामीण जोन एवं शहरी विस्तार इकाई

1. **रोहिणी**

- सेक्टर–4 एक्सटेंशन में एक कमरे के मकानों के ले आउट प्लान एवं वास्तुकलात्मक ड्राइंगें, जांच समिति द्वारा अनुमोदित 9 पाकेट के सी. एस./ओ.सी.एफ ले–आउट।
- पुनर्वास प्लाटों में 2 सी.एस./ओ.सी.एफ पाकेट के ले–आउट प्लान।
- रोहिणी क्षेत्र के लिए तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित क्षेत्रीय विकास योजना का प्रारूप।
- सेक्टर–26 में जांच समिति द्वारा अनुमोदित 21 हेक्टेयर अधिग्रहित भूमि का ले आउट प्लान।

2. **द्वारका एवं अन्तर्राष्ट्रीय होटल परिसर बसंत विहार**

1. **द्वारका**

- विकास क्षेत्र सं. 171 एवं 172 से आंशिक क्षेत्र की अन–अधिसूचना संबंधी मामले को प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
- द्वारका परियोजना (पार्ट जोन के) की क्षेत्रीय योजना, 66 के.वी. रूट संरेखन में संशोधन, रूट सहित 66 के.वी. एवं 220 के.वी. के अतिरिक्त ग्रिड स्टेशनों हेतु प्रस्ताव, 220 के.वी. पाइलोन स्थितियां, द्वारका का रेडी मिक्स प्लांट तकनीकी समिति से अनुमोदित कराया गया।
- सेक्टर 16–ए एवं 16–बी, अलग–थलग पाकेट–5 के संशोधित ले–आउट प्लान जांच समिति से अनुमोदित कराए गए।
- विभिन्न सेक्टरों के लिए कूड़ा–कचरा एकत्रित करने के केन्द्र डिजाइन एवं अवस्थितियां, सीनेज सब सिटी/सेक्टर लेबल सेक्टर–6, आबादकार पुनर्वास योजना के संशोधित ले आउट, ट्रांजिट कैम्प ले आउट, अलग–अलग पाकेट–20 बी का संशोधित ले आऊट, ट्रांजिट कैम्प के ले आउट, अलग–अलग पाकेट–2. बी का संशोधित ले आउट, 6 एच.ए.एफ पाकेटों के ले आउटों को अंतिम रूप दिया गया और सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित कराया गया।
- छावनी के बीच में से 45 मीटर का प्रस्तावित पहुँच मार्ग, प्लान सहित रिपोर्ट एवं मौडल तैयार किया गया।

2. **अन्तर्राष्ट्रीय होटल परिसर वसंत विहार**

- होटल परिसर के समीपवर्ती 92 हेक्टेयर प्रतिबंधित क्षेत्र हेतु सड़क निर्माण स्तरीय प्लॉन तैयार किये गये, उन्हें अंतिम रूप दिया गया एवं अनुमोदित कराये गये तथा प्रतिबंधित क्षेत्र में दि.वि.प्रा. के भूमि विभाग द्वारा किये गये आबंटन के अनुसार कब्जे दिये गये।
- परियोजना के ई.आई.ए. किल्यरेंस के संबंध में उनके पत्र के संदर्भ में राष्ट्रीय राजधानी सरकार के पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण को विस्तृत उत्तर दिया गया।

3. **नरेला**

- नरेला सबसिटी एम (पार्ट), एन (पार्ट) एवं पी (पार्ट) की क्षेत्रीय विकास योजना के प्रारूप को तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदन दे दिया गया।
- नरेला औद्योगिक क्षेत्र के लिए संरचनात्मक प्लान को तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदन दे दिया गया।
- पी.वी.सी.बाजार, टिकरी कलॉ हेतु भवन कार्यकलापों की अनुमति को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है।

सचिव, शहरी विकास मंत्रालय योजना विभाग द्वारा की गई भेंट–वार्ता के दौरान दि.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ।

8.1.5 मुख्य योजना–2021 "ओ" जोन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, यू.सी. एवं दिल्ली मुख्य योजना–2001 इकाई

स्थानीय बाजार का एक माडल।

1. मुख्य योजना 2021 एवं "ओ" जोन

- एन.आर.एस.ए. हैदराबाद द्वारा दिल्ली के डिजीटल बेस मैप तैयार करने के लिए समन्वय।
- दिल्ली मुख्य योजना–2021 को तैयार करने के संबंध में जनसांख्यिकी, प्रादेशिक संबंधी परिवहन, शैल्टर, सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक सुविधाएं आदि जैसे कुछ पहलुओं संबंधी प्रारंभिक सेकेण्डरी आंकडे संग्रहित एवं संकलित किये गये और प्रजेंटेशन ग्राफिक्स/ड्राइंग/पारदर्शिता के रूप में प्रस्तुत किये।
- दिल्ली मुख्य योजना–2021 तैयार करने के लिए सब ग्रुप का गठन।
- दिल्ली मुख्य योजना–2021 को तैयार करने में सार्वजनिक भागीदारी बढ़ाना और विभिन्न विशेष सेक्टर, एसोसिएशन, सिटीजन चार्टर शामिल करना, दिल्ली मुख्य योजना–2021 के लिए गोष्ठी/कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
- क्षेत्रीय भूमि उपयोग योजनाओं के मोजेक की तैयारी।
  - नदी जोन "ओ" की क्षेत्रीय योजना का प्रारूप तकनीकी समिति की बैठक और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की बैठक में प्रस्तुत किया गया।

दि.वि.प्रा. द्वारा विकसित हरित मुख्य योजना का एक दृश्य।

2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, यू.सी. एवं एम.पी.डी.–2001

- विषय–निर्वाचन समिति की रिपोर्ट ओर विज्ञान भवन में आयोजित सेमीनार के आधार पर दि.वि.प्रा. द्वारा दिल्ली मुख्य योजना 2001 की समीक्षा की गई और यह समीक्षा दिल्ली मुख्य योजना–2021 की तैयारी के लिए फीड बैंक के रूप में कार्य करेगी।
- विभिन्न पहलुओं के संबंध में क्षेत्रीय योजना–2001 की समीक्षा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा शुरू की गई।
- प्राइवेट भागीदारी के आधार पर विकास नीतियों को निर्दिष्ट करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग–10 के पास वाले क्षेत्र की विकास योजना तैयार की गई।
- माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार शहरी विस्तार में आवश्यक रूप से स्थानांतरित किये जाने के लिए असंगत उद्योगों, जो रिहायशी क्षेत्र में स्थित हैं, के लिए स्थलों के निर्धारण को अंतिम रूप दिया गया।
- अनुसंधान एवं नवाचार (इनोवेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत बाहरी परामर्शदाताओं के माध्यम से अनुसंधान अध्ययन शुरू किये गये। ऐसे तीन अध्ययन, जिनकी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा चुका है, को एक कार्यशाला में विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
- 1000 से अधिक अनधिकृत कालोनियों के नियमन हेतु नीतियों को तैयार करने के लिए प्रस्ताव तैयार किये गये।
- दिल्ली मुख्य योजना–2021 को तैयार करने के लिए भौतिक आधारिक संरचना के बेस पेपर सहित यातायात एवं परिवहन के बेस पेपर पूरे कर लिये गये।

8.1.6 यातायात एवं परिवहन इकाई

- 17 पेट्रोल पम्प स्थलों के प्रस्ताव आवंटन हेतु डी.एल.एम. (मुख्यालय) को भेज दिये गये।
- तकनीकी समिति द्वारा 10 एच.टी. रूट संरेखण के मामलों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

- द्वारका परियोजना के चार सेक्टरों के परिचालन प्लानों की जांच की गई और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।
- तकनीकी समिति द्वारा 14 ग्रेड सेप्रेटरों को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- विकास सदन में ओर उसके आसपास परिचालन में सुधार करने की परिचालन योजना को अंतिम रूप दिया गया।
- सी एन जी फिलिंग स्टेशन को समायोजित करने के लिए पेट्रोल पंप स्थलों के सेट बैक में छूट देने के अनुरोध को तकनीकी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
- दिल्ली मुख्य योजना–2001 के परिवहन प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण मल्होत्रा समिति के समक्ष किया गया।

8.1.7 भूदृश्यांकन एवं पर्यावरणीय योजना इकाई

- चिल्ला स्थित खेलकूद केन्द्र और पीतमपुरा स्थित खेलकूद केन्द्र ने ले आउट में संशोधन किया और ड्राइंग संबंधित विभागों को भेज दी।
- वसंत कुंज सेक्टर डी पार्ट ए (विद्युत सब स्टेशन के पीछे) स्थित खेलकूद केन्द्र – वृक्षारोपण योजना संबंधित विभागों को जारी कर दी गई।
- वसंत कुंज पार्ट बी और जसोला स्थित खेलकूद केन्द्र की ड्राइंग पूरी कर दी गई।
- सरस्वती विहार में संगीतमय फव्वारा – प्लान को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया और कार्यात्मक ड्राइंग पूरी की गई और संबंधित विभागों को भेज दी गई।
- जसोला रोहिणी सेक्टर–19 स्थित जिला पार्क और मायापुरी, मायापुरी स्थित हरित पट्टी, मेमोरियल राजघाट के सामने, रिंग रोड स्थित हरित पट्टी के भूदृश्यांकन प्लानों को जांच समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया और ड्राइंग संबंधित विभागों को भेज दी गई।
- रोड साइड वृक्षारोपण, सेक्टर–11 द्वारका की योजना को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- मेमोरियल पार्क, वजीराबाद की योजना को पूरा किया गया।
- सराय काले खां में व्यायामशाला के लिए भूदृश्यांकन प्रस्ताव।
- बहुव्यायामशाला, कवर्ड बेडमिंटन कोर्ट ताहिरपुर खेलकूद परिसर, बहुव्यायामशाला पश्चिम विहार, खेलकूद केन्द्र और बहुव्यायाम शाला प्रताप नगर।
- 2 सीवेज पम्पिंग स्टेशन और 1 कमांड टैंक के लिए भूदृश्यांकन योजना को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- खेल के मैदानों, खेल क्षेत्रों, कमांड टैंक, सीवेज पम्पिंग स्टेशनों के लिए विभिन्न अन्य भूदृश्यांकन योजनाएं तैयार की गई और जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई।

8.1.8 मॉनीटरिंग इकाई

- विभाग की सभी इकाइयों/विंग के योजना विभाग से संबंधित कार्य को दि.वि.प्रा. के अन्य विभागों और बाहरी एजेंसियों/विभागों के साथ समन्वित करना।
- सामान्य प्रशासन के एक भाग के रूप में विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों के पुनःसंगठन के आधार पर योजना विंग में पुनः वितरण पूरा किया गया।
- योजना एवं वास्तुकला विभाग की मासिक, तिमाही एवं वार्षिक प्रगति रिपोर्ट जब भी मांगी गई, उन्हें अंतिम रूप दिया गया ओर भिजवाया गया।
- कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा में आयुक्त (योजना) की सहायता की।

8.2 वास्तुकला

आवास एवं शहरी परियोजना विंग

8.2.1 आवास

अप्रैल 98 से मार्च, 99 तक की अवधि के दौरान लगभग 16121 आवासों के डिजाइन ओर ले आउट प्लान तैयार किये गये। इसमें स्व वित्त योजना के 1889 (श्रेणी–2 श्रेणी–3), मध्यम आय वर्ग के 824 ओर जनता/ई.डब्ल्यू. एस. के. 13408 फ्लैट शामिल हैं। इन आवासों की योजनाएं जांच समिति द्वारा अनुमोदित की गई और कार्यान्वयन के लिए इंजीनियरिंग विभाग को भेज दी गई।

8.2.2 व्यावसायिक

जिला केन्द्रों, समाज सदनों, स्थानीय बाजारों, सुविधा बाजारों एवं जनता मार्किट जैसे विभिन्न व्यावसायिक केन्द्रों का कार्य।

1) **जिला केन्द्र**

जांच समिति द्वारा बसंत कुज स्थित एक जिला केन्द्र को अनुमोदन प्रदान किया गया और रोहिणी सेक्टर–10 स्थित एक एवं पश्चिम पुरी स्थित एक – इन दो जिला केंद्रों को प्रथम स्तर के कार्य के लिए डी.यू.ए. सी. द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

2) **समाज सदन**

डी.यू.ए.सी से 5 समाज सदनों के डिजाइन (प्रथम स्तर) अनुमोदित कराये गये।

डी.यू.ए.सी. से 2 समाज सदनों के वास्तुकला नियंत्रण (द्वितीय स्तर) अनुमोदित कराए गए।

जांच समिति से गीतांजलि में एक सुविधा केन्द्र और जसोला में एक व्यावसायिक केन्द्र अनुमोदित कराये गये।

3) **स्थानीय बाजार**

जांच समिति से नरेला, द्वारका एवं कोंडली घरोली में 7 स्थानीय बाजार अनुमोदित कराए गए।

4) **सुविधा बाजार**

जांच समिति से 8 सुविधा बाजारों के डिजाइन अनुमोदित कराये गये।

5) **जनता मार्किट**

11 जनता मार्किट के डिजाइन बनाये गये और जांच समिति से अनुमोदित कराए गए।

अन्य परियोजनाओं के डिजाइन बनाये गये ओर जांच समिति से अनुमोदित कराये गए। मधुवन चौक स्थित दि.वि.प्रा. जोनल कार्यालय, वसंत कुंज स्थित स्वीमिंग पूल, साकेत में 2 टोडल पूल एवं यमुना खेलकूद परिसर। समग्र रूप में व्यावसायिक केन्द्रों एवं स्थानीय बाजारों में विभिन्न प्लाट नीलामी के लिए भेजे गए।

8.2.3 **सर्वेक्षण इकाई**

सर्वेक्षण इकाई ले आउट/एरिया प्लान की तैयारी के लिए सामग्री के रूप में विभिन्न क्षेत्रों का भौतिक सर्वेक्षण करती है।

8.2.4 **जांच/तकनीकी समिति**

1) अप्रैल, 98 से मार्च, 99 के दौरान जांच समिति की कुल 9 बैठकें हुई, जिसमें 120 मुददों पर विचार–विमर्श किया गया।

2) अप्रैल, 98 से मार्च, 99 के दौरान तकनीकी समिति की कुल 14 बैठकें हुई जिनमें 98 मदों पर विचार–विमर्श किया गया।

9. आवास

9.1 दिल्ली विकास प्राधिकरण में आवास संबंध कार्यकलाप वर्ष 1967–68 के दौरान शुरू किये गये। दि.वि.प्रा. ने अब तक 23 आवासीय योजनाओं की घोषणा की है। दिनांक 31.3.99 तक विभिन्न आवासीय योजनाओं के अंतर्गत 293626 आवंटन किये गये हैं। इस समय न्यू पैटर्न पंजीकरण योजना–1979, अंबेडकर आवास योजना–1989 और जनता आवास पंजीकरण योजना–1996 चल रही हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष (1998–99) के दौरान 11033 आबंटन किये गये। इन आबंटनों के श्रेणीवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:–

वर्ष 1998–99 में विभिन्न आवासीय योजनाओं में किए गये आबंटन।

1) स्व वित्त योजना	5937
2) ई.एच.एस.	10
3) मध्यम आय वर्ग/एन.पी.आर.एस.–79 अंबेडकर आवास योजना	1973 663
4) निम्न आय वर्ग/एन.पी.आर.एस.–1979 अम्बेडकर आवास योजना–1989	1542 417
5) जनता	491
कुल	11033

चालू स्कीमों की स्थिति निम्नानुसार है:

1) न्यू पैटर्न पंजीकरण योजना–1979

न्यू पैटर्न पंजीकरण योजना–1979 मध्यम आय वर्ग, निम्न आय वर्ग और जनता श्रेणियों के फ्लैटों के आबंटनों के लिए वर्ष 1979 में शुरू की गई थी। यह स्कीम अखिल भारतीय स्तर पर थी और 171272 व्यक्तियों को पंजीकृत किया गया था। श्रेणीवार आबंटनों, पंजीकृत व्यक्तियों, आबंटन हेतु शेष व्यक्तियों और कवर की गई प्राथमिकता के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

श्रेणी	पंजीकृत व्यक्ति	आबंटन	आबंटन हेतु शेष व्यक्ति	कवर की गई प्राथमिकता
मध्यम आय वर्ग	47521	36868	8022	25168
निम्न आय वर्ग	67502	51664	16208	35201
जनता	56249	58288	शून्य	लागू नहीं
	171272	146820		

2) अम्बेडकर आवास योजना–1989

अम्बेडकर आवास योजना–1989 एनपीआरएस–1979 के पंजीकृत व्यक्तियों में अनुसूचित जाति–अनुसूचित जन जाति के पंजीकृत व्यक्तियों के 25 प्रतिशत कोटे के संबंध में कमी को पूरा करने के लिए वर्ष 1989 में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत मध्यम आय वर्ग, निम्न आय वर्ग ओर जनता फ्लैटों के आबंटन हेतु 20,000 व्यक्तियों को पंजीकृत किया गया था। श्रेणीवार पंजीकृत व्यक्तियों, आबंटनों, शेष बचे हुए व्यक्तियों ओर कवर की गई प्राथमिकता के ब्यौरे निम्नानुसार है:

श्रेणी	पंजीकृत व्यक्ति	आबंटन	आबंटन हेतु शेष व्यक्ति	कवर की गई प्राथमिकता
मध्यम आय वर्ग	7,000	2765	3140	3023
निम्न आय वर्ग	10,000	3547	5601	3193
जनता	3,000	2988	शून्य	लागू नहीं
	20,000	9300		

इस योजना में निम्नलिखित आरक्षण किये गये।

1) 1 प्रतिशत शारीरिक रूप से विकलांग

2) 1 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिक

3) 1 प्रतिशत युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाएं

3) जनता आवास पंजीकरण योजना–1996

यह योजना चरणबद्ध तरीके से जनता फलैटों के आबंटन हेतु समाज के कमजोर वर्गों के 20,000 व्यक्तियों को पंजीकृत करने के लिए वर्ष 1996 में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित आरक्षण दिये गये थे:





जनता, एल.आई.जी., एम.आई.जी., विस्तारणीय आवास योजना एवं सहकारी समूह आवास सोसाइटी की प्राप्तियाँ।

सरिता विहार में दि.वि.प्रा. फ्लैट।

लोक शिविर का एक दृश्य।

1) 25 प्रतिशत अनु.जा./अनु.ज.जा.। 2) 1 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिक। 3) 1 प्रतिशत शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति। 4) 1 प्रतिशत युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाएं। 5) 2% उन विधवाओं को, जिनके संतान है। इस योजना की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है:

पंजीकृत व्यक्ति	किया गया आवंटन	शेष बचे हुए व्यक्ति	कवर की गई प्राथमिकता
20,000	5243	14696	4526

इस योजना के अंतर्गत आरक्षित श्रेणी के सभी पंजीकृत व्यक्तियों का किराया खरीद आधार पर फ्लैट खरीदने की अनुमति दे दी गई। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान आवास विभाग के विभिन्न कार्यकलापों के अंतर्गत प्राप्त की गई उपलब्धियां निम्नानुसार है:

1. क. अ) जारी किये गये मांग एवं आबंटन/विनिधान पत्र 8662
   ब) जारी किये गये कब्जा पत्र 5736
   ख. नामांतरण 755
   ग. फ्री होल्ड अधिकार प्रदान करना 1486
2. सहकारी समूह आवास योजना
   1) प्रस्ताव पत्र 59
   2) आबंटन पत्र 11
   3) कब्जा पत्र 3

उपभोक्ता की संतुष्टि में वृद्धि हेतु उठाए गए कदमः

उपभोक्ताओं के लंबित मामलों का स्थल पर निपटान हेतु लोक शिविर – दिनांक 28.1.99 एवं 11.2.99 को दो लोक शिविरों का आयोजन किया गया। इस लोक शिविर में प्रबंध विंग, वित्त विंग और विधि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया और मामलों को उसी दिन निपटाने के पूरे प्रयास किये गये।

9.2 आवास लेखा विंग

वर्ष 1998–99 के दौरान आवास लेखा विंग ने मुख्य रूप से निम्नलिखित मुख्य कार्यकलाप किये/उपलब्धियां प्राप्त की:

9.2.1 प्रारंभिक अनुमानों की जांच करना

क) फ्लैटों के संबंध में प्रारंभिक अनुमानों की वित्तीय सहमति 10 आवासीय योजनाओं हेतु प्रदान की गई, जिनमें लगभग 5600 फ्लैट हैं।

ख) दुकानों के संबंध में प्रारंभिक अनुमानों की वित्तीय सहमति 9 योजनाओं के लिए दी गई जिनमें लगभग 230 दुकानें हैं।

9.2.2 फ्लैटों की लागत निर्धारण

क) वर्ष 1998–99 के दौरान 27 आवास योजनाओं, जिनमें लगभग 6500 फ्लैट शामिल हैं, के संबंध में लागत निर्धारण के कार्य को अंतिम रूप दिया गया।

ख) वर्ष के दौरान बचे हुए लगभग 6000 फ्लैटों के संबंध में लागत निर्धारण के कार्य को अंतिम रूप दिया गया/संशोधित किया गया।

ग) वर्ष के दौरान लगभग 375 दुकानों वाली 7 योजनाओं के संबंध में लागत निर्धारण के कार्य को भी अंतिम रूप दिया गया।

चूककर्ता आबंटितियों के विरुद्ध समयबद्ध तरीके से कार्यवाई की गई।

वसूली राशि लेने के लिए 5 वसूली अधिकारियों को शक्तियां प्रदान की गई।

9.2.3 वसूली के कार्य को तेजी से करने के लिए किये गये प्रयास

चूककर्ता आवंटितियों से मासिक किश्तों/जुर्माने की बकाया राशि की वसूली करने और चूककर्ता आवंटितियों पर दबाव डालने की दृष्टि से तथा ऐसे चूककर्ताओं के विरूद्ध सख्त एवं समयबद्ध कार्रवाई करने के अपने अभियान के अंतर्गत भू राजस्व बकाया राशि के रूप में वसूली करने के लिए पांच वसूली अधिकारियों को पंजाब भू–राजस्व अधिनियम के अंतर्गत शक्तियां सौंपी गई हैं। उन्हें लक्ष्य दे दिये गये हैं, जो समयबद्ध कार्यक्रम में पूरे किये जाने हैं। वर्ष के दौरान निम्नलिखित उपाय किये गये:

क) 111 मामलों में चूककर्ता आबंटितियों को समुचित अवसर देने के बाद मासिक किश्तों का भुगतान न किये जाने के कारण फ्लैटों के आबंटन रद्द कर दिये गये।

ख) 511 मामलों में आबंटन का प्रस्ताव किया गया।

ग) 4262 मामलों में चूककर्ता आबंटिती (आबंटितियों) के विरूद्ध कुर्की के नोटिस जारी किये गये।

घ) 47 सम्पत्तियों की कुर्की की गई।

9.2.4 कुछ अन्य मदें

1) स्व वित्त योजना के अंतर्गत 4609 मांग पत्र जारी किये गये।
2) लीज होल्ड से फ्री होल्ड के 2509 परिवर्तन मामले निपटाये गये।
3) कब्जा पत्र जारी करने के लिए प्रबंध विंग को 5620 मामलों में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये गये।
4) 2416 ऐसे मामलों में आबंटितियों को उनकी जमा राशि वापस की गई, जो मकानों के आबंटन के इच्छुक नहीं थे।
5) अ.जा./अ.ज.जा. वर्गों के लिए दुकानों के आबंटन के संबंध में असफल आवेदकों को 12,500 मामलों में जमा धन राशि के चैक लौटाए गए।
6) सामान्य वर्गों को दुकानों के आबंटन के संबंध में 360 निविदाएं/प्रस्ताव प्राप्त हुए और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।

9.2.5 आबंटिती अनुकूल विशेष प्रोत्साहन योजना का शुभारम्भ

